संताल एक्सप्रेस ई-पेपर व दैनिक ताजा खबर
www.santalexpress.com पर पढ़ें

12 मई 2026, मंगलवार

पृष्ठ-08, मूल्य : 2 रुपये

दुमका, वर्ष- 08, अंक - 231

Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज

# संताल एक्सप्रेस

### सोमनाथ मंदिर के 90 मीटर ऊंचे शिखर पर पहली बार हुआ कुंभाभिषेक



**सोमनाथ/अहमदाबाद ।** प्रथम ज्योतिर्लिंग सोमनाथ मंदिर सोमवार को ऐतिहासिक आध्यात्मिक क्षण का साक्षी बना, जब मंदिर के 90 मीटर ऊंचे शिखर पर पहली बार कुंभाभिषेक किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष क्रेन की सहायता से 11 पवित्र तीर्थों के जल से मंदिर शिखर का कुंभाभिषेक किया।

# दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती : प्रधानमंत्री

## सोमनाथ मंदिर में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में शामिल हुए मोदी



**एजेंसी**

**गिर सोमनाथ ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही उसे दबाव में ला सकती है। उन्होंने कहा कि 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों ने दुनिया को भारत की अटल राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय कराया था। गुजरात के सोमनाथ मंदिर में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई 1998 को भारत ने पोखरण में पहले तीन परमाणु परीक्षण किए थे और उसके बाद दुनिया भर की शक्तियों ने भारत पर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाए थे। उन्होंने कहा, ÷11 मई के बाद दुनिया हम पर टूट पड़ी थी, लेकिन 13 मई को भारत ने दो और परमाणु परीक्षण किए। इससे दुनिया को पता चला कि भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति कितनी अटल है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह दिखाया था कि भारत के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। मोदी ने कहा, दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती, दबाव में नहीं ला सकती।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षणों को 'ऑपरेशन शक्ति' नाम दिया था, क्योंकि शिव और शक्ति की आराधना भारत की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि यही विचार देश की वैज्ञानिक प्रगति का भी प्रेरणास्रोत बना।

मोदी ने कहा कि सोमनाथ अमृत महोत्सव केवल अतीत का उत्सव नहीं, बल्कि अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का पर्व है। उन्होंने कहा कि 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद 1951 में सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के समय सरदार वल्लभभाई पटेल ने 500 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर आधुनिक भारत की नींव रखी और सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के जरिए दुनिया को संदेश दिया कि भारत केवल स्वतंत्र ही नहीं हुआ, बल्कि अपनी प्राचीन गौरवशाली विरासत को पुनर्स्थापित करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

# सेवानिवृत्त टाटा स्टील कर्मी ने की पत्नी, बेटे और गर्भवती बेटी की हत्या

## तीनों को मारकर शव के पास बैठा रहा हत्यारोपी

**संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम ।** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एग्रिको रोड नंबर-2 स्थित क्वार्टर संख्या एल5/13 में सोमवार सुबह हुए तिहरे हत्याकांड ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या के बाद इलाके में दहशत और मातम का माहौल है। मामले में पुलिस ने घर के मुखिया और टाटा स्टील के सेवानिवृत्त कर्मचारी रविन्द्र प्रसाद सिंह को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित ने रविवार रात अपनी पत्नी, बेटे और बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी थी।



जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह स्वयं रविन्द्र प्रसाद सिंह ने डायल-100 पर फोन कर पुलिस को घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही सिदगोड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घर के भीतर से तीन शव बरामद किए। मृतकों की पहचान पत्नी सरिता सिंह ( 55 ), पुत्र रविशेक कुमार ( 30 ) और पुत्री सुप्रिया सिंह ( 31 ) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सुप्रिया सिंह विवाहित थी और गर्भवती भी थी। घटना की खबर फैलते ही एग्रिको इलाके में भारी भीड़ जुट गई।

पुलिस जांच में सामने आया है कि रविन्द्र प्रसाद सिंह इसी वर्ष फरवरी माह में टाटा स्टील से सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद से परिवार में लगातार विवाद और तनाव की स्थिति बनी हुई थी। हालांकि हत्या के पीछे की वास्तविक वजह अब तक स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित पूरी रात घर के भीतर शवों के साथ ही मौजूद रहा। सोमवार सुबह उसने खुद पुलिस को कॉल कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद कर ली है। फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया, जिसने घर के भीतर से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब सीएम के चचेरे भाई भाजपा में शामिल

**चंडीगढ़ ।** पंजाब में सोमवार को एक तरफ निकाय चुनावों का ऐलान हुआ, तो दूसरी तरफ मुख्यमंत्री भगवंत मान के चचेरे भाई ज्ञान सिंह मान भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी तथा पंजाब भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने उन्हें पार्टी में शामिल किया। भाजपा में शामिल होने वाले ज्ञान सिंह मान पूर्व के समय भगवंत मान का चुनाव प्रबंधन संभालते रहे हैं। वह लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव के दौरान भगवंत मान के प्रचार अभियान के इंचार्ज भी रहे हैं।

### हिमंता बिस्व सरमा आज लेंगे सीएम पद की शपथ

**गुवाहाटी ।** असम के नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां बड़े स्तर पर की जा रही हैं। यह भव्य आयोजन 12 मई को आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, 22 राज्यों के मुख्यमंत्री, कई केंद्रीय मंत्री, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एवं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शीर्ष नेता तथा बड़े उद्योगपति शामिल होने की संभावना है।

### एक जुलाई से लागू होगा 'वीबी-जी राम जी' अधिनियम

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास एवं रोजगार को नई दिशा देने के उद्देश्य से 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वीबी-जी राम जी अधिनियम-2025 के क्रियान्वयन की अधिसूचना जारी कर दी। यह नया कानून एक जुलाई 2026 से देशभर के ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होगा और इसके साथ ही महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा)-2005 निरस्त माना जाएगा। सरकार के मुताबिक इस योजना के तहत एक जुलाई से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार चाहने वाले लोगों को अब साल में 100 नहीं बल्कि 125 दिन का रोजगार दिया जाएगा।

# हाईकोर्ट ने पेसा नियमावली मामले में सरकार को दिया जवाब दाखिल करने का निर्देश

**संवाददाता**

**रांची ।** राज्य सरकार के द्वारा अधिसूचित पेशा नियमवाली को सही ढंग से लागू नहीं करने के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट में दाखिल रायमूल बांद्रा एवं अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एस एम सोनक एवं न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ ने राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने प्रार्थी के द्वारा उठाए गए सवालों के संबंध में सरकार को जवाब दाखिल करने को कहा है।अदालत ने पूछा है कि क्या प्रार्थी ने जो बिंदुवार तरीके से सवाल उठाए हैं वह सही है




क्या राज्य सरकार ने संविधान के अनुरूप नियम वाली से बदलाव कर उसका संशोधन किया है, मामले में अगली सुनवाई में सरकार को जवाब देने को कहा है।अगली सुनवाई जून के अंतिम सप्ताह में होगी दरअसल प्रार्थी ने कहा है कि राज्य सरकार ने नियमावली की मूल भावना से खिलवाड़ किया है। नियमावली में पूर्ण रूप से आदिवासियों और मूल वीडियो को अधिकार प्राप्त है लेकिन यहां पर संशोधन की वजह से उन्हें वह अधिकार नहीं मिले जिसके वह हकदार है सरकार ने अपने अनुरूप निवाली को लागू किया है। इससे जो भी अधिकार मिलने थे उनसे आदिवासी मूलवासी वंचित रह रहे हैं। सरकार ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह पूरे तंत्र पर अपना अधिकार कायम रखना चाहता है। वहीं इस नियमावली को महज आई वॉश कर दिया गया है।

# बंगाल चुनाव हार पर टीएमसी का नया दावा, एसआईआर के कारण गई 31 सीटें

## ● अदालत ने दिया अलग याचिका का सुझाव

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद सत्ता से बाहर हुई तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने सुप्रीम कोर्ट में नतीजों को लेकर एक नया दावा पेश किया है। ममता की पार्टी ने सोमवार को एसआईआर (स्ट्राइक-आउट, इनएलिजिबल और रिजेक्टेड) से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इसी प्रक्रिया के चलते 31 सीटों पर चुनाव परिणाम प्रभावित हुआ और पार्टी को हार का सामना करना पड़ा।

सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान बंगाल सरकार के लिए पैरवी कर रहे वरिष्ठ वकील कल्याण बनर्जी ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष अपनी दलील में कहा कि इन 31 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का अंतर एसआईआर में हटाए गए मतदाताओं की संख्या से भी कम है। उन्होंने कहा कि यदि एसआईआर के कारण मतदाताओं का नाम सूची से नहीं हटाया जाता, तब इन सीटों का परिणाम निश्चित रूप से कुछ और हो सकता था और इससे चुनाव का रुख बदल सकता था। ममता बनर्जी ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कई सीटें ऐसी भी हैं, जहां कटे हुए वोटों की संख्या और जीत का अंतर करीब बराबर है। उन्होंने कहा कि एक सीट पर, तब तृणमूल कांग्रेस का उम्मीदवार मात्र 862 वोटों से हार गया, जबकि उसी सीट पर एसआईआर प्रक्रिया के तहत 5432 वोट हटा दिए गए थे।

इन दलीलों पर सुनवाई कर चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की खंडपीठ ने टीएमसी को सलाह दी है कि वे इस मामले को लेकर अलग से याचिकाएं दाखिल कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट बेंच ने स्पष्ट रूप से कहा कि ममता बनर्जी सहित इन 31 सीटों के सभी उम्मीदवार इस दावे के साथ अलग से याचिकाएं दायर कर सकते हैं।

# झारखंड में बारिश और वज्रपात को लेकर 16 तक येलो अलर्ट

## आज संताल परगान में बारिश और वज्रपात की संभावना

**संवाददाता**

**रांची ।** राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में 16 मई तक बारिश और वज्रपात की संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं विभाग की ओर से 12 और 13 मई को बारिश और वज्रपात के साथ 50-60 किमी प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने की संभावना है। इसे लेकर विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 12 मई को राज्य के जिन जिलों बारिश और वज्रपात होने की संभावना है उनमें रांची, खूंटी, रामगढ, बोकारो, हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताडा, दुमका, पाकुड, गोडडा और साहेबगंज शामिल है। वहीं 13 मई को रांची, खूंटी, रामगढ, बोकारो, सरायकेला-खरसावां, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताडा और दुमका में बारिश के साथ वज्रपात होने की संभावना है।

इसके अलावा राज्य के जिन अन्य इलाकों में बारिश रिकॉर्ड की गई उनमें नामकुम में 15 मिमी, खूंटी में 11 मिमी, आनंदपुर में 08 मिमी, बंदगांव में 04.2, गोला में 3.4 और मांडु में 2.8 मिमी शामिल है। वहीं इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान 37.8 डिग्री डालटेनगंज में और सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस रांची के कांके में रिकॉर्ड किया गया। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और कड़ी धूप रही। इससे दिनभर गर्मी और उमस महसूस की गई। वहीं, सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री और न्यूतनतम तापमान 19.6 डिग्री, जमशेदपुर में 34.5 और न्यनतम 24.6 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 39 डिग्री और न्यूतनतम 25.6 डिग्री, बोकारो में अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# बंगाल में जून से शुरू होगी 'अन्नपूर्णा का भंडार' योजना और महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा

**एजेंसी**

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल सरकार ने महिलाओं के लिए कई नई सुविधाओं की घोषणा की है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को नवान्न में लगातार बैठकें करने के बाद बताया कि जून महीने से महिलाओं को सरकारी बसों में यात्रा के लिए कोई किराया नहीं देना होगा। सरकारी बसों में महिलाओं के लिए टिकट पूरी तरह मुफ्त रहेगा। सूत्रों के अनुसार राजधानी दिल्ली में बस यात्रा के तर्ज पर यह नियम लागू किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि जून से ही महिलाओं के लिए 'अन्नपूर्णा का भंडार' योजना शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने तीन हजार रुपये देने का प्रस्ताव है। हालांकि इस योजना के लिए कोई विशेष शर्तें होंगी या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि स्वास्थ्य क्षेत्र में आयुष्मान भारत योजना भी जून से राज्य में लागू की जाएगी। इस योजना का लाभ सभी लोगों को मिलेगा या इसके लिए आय अथवा अन्य किसी तरह की शर्तें होंगी, इस बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि राज्य में पहले से चल रही कोई भी सामाजिक योजना बंद नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि चाहे योजना 30 वर्ष पुरानी हो या 10 वर्ष पुरानी, सरकार किसी भी सामाजिक परियोजना को बंद करने की योजना नहीं बना रही है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में सरकार बनने पर अन्नपूर्णा का भंडार और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं लागू करने का वादा किया था।

# आलमगीर आलम को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

**एजेंसी**

**रांची ।** झारखंड के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलमगीर आलम को टेंडर कमीशन घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत की जस्टिस एम.एम. सुंदरेश्वर और जस्टिस एन. कोटीश्वर सिंह की पीठ ने उनकी जमानत याचिका को मंजूर कर लिया है, जिससे करीब दो साल तक जेल में रहने के बाद अब उनके बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। इससे पहले झारखंड हाईकोर्ट ने 11 जुलाई 2025 को उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 15 मई 2024 को लंबी पूछताछ के बाद आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि ग्रामीण विकास विभाग में इंजीनियरों, अधिकारियों और मंत्रियों का एक संगठित नेटवर्क सक्रिय था, जो टेंडर आवंटन के बदले निश्चित कमीशन वसूलता था। ईडी ने अदालत के समक्ष जनवरी 2024 में पास किए गए 92 करोड़



रुपये के 25 टेंडरों से संबंधित दस्तावेज पेश किए थे। एजेंसी का दावा है कि इन टेंडरों के बदले आलमगीर आलम को कथित तौर पर 1.23 करोड़ रुपये का कमीशन प्राप्त हुआ था। इस मामले की जांच की आंच वरिष्ठ आईएएस अधिकारी और पूर्व सचिव मनीष रंजन तक भी पहुंची थी, जिनसे ईडी ने विस्तार से पूछताछ की थी। इस पूरे घोटाले का खुलासा मई 2024 में हुआ था, जब ईडी ने आलमगीर आलम के तत्कालीन निजी सचिव संजीव लाल और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस कार्रवाई के दौरान लगभग 32.20 करोड़ रुपये की भारी-भरकम नकदी बरामद हुई थी।

# जेएसएससी शिक्षक नियुक्ति मामला : हाईकोर्ट में सरकार और आयोग की अपील पर 10 जून को होगी सुनवाई

**संवाददाता**

**रांची ।** स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2016 नियुक्ति मामले में मीना कुमारी से जुड़ी याचिका पर राज्य सरकार और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से दायर अपील (एलपीए) पर झारखंड उच्च न्यायालय में अब 10 जून को सुनवाई होगी। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान सरकार और जेएसएससी की ओर से अपील पर शीघ्र सुनवाई करने का आग्रह किया गया।

जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरावाल और अधिवक्ता प्रिंस कुमार ने उच्च न्यायालय में पक्ष रखा। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ को बताया कि इस मामले में उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने अपने मूल आदेश में संशोधन कर दिया है, जबकि उस आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई पहले से लंबित है।

# संसदीय साक्षरता और मूल्य आधारित पत्रकारिता जरूरी : हरिवंश



**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने सोमवार को कहा कि डिजिटल दौर में पत्रकारिता में तेजी महत्वपूर्ण है, लेकिन यह सटीकता की कीमत पर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने युवा पत्रकारों से मूल्य आधारित और विश्वसनीय पत्रकारिता को मजबूत करने का आह्वान किया।

संसद भवन परिसर में राज्यसभा टीवी इंटर्नशिप कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए हरिवंश ने कहा कि किसी भी पत्रकार के लिए संसदीय साक्षरता उतनी ही आवश्यक है जितनी पेशेवर दक्षता। उन्होंने कहा कि संसद वह स्थान है जहां राष्ट्र का इतिहास लिखा जाता है और इसकी सही रिपोर्टिंग के लिए संवैधानिक ढांचे, नियम पुस्तिकाओं तथा संसदीय परंपराओं की गहरी समझ जरूरी है।

उन्होंने प्रशिक्षुओं से संसद टीवी को विश्वसनीय सूचना का मानक बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि डिजिटल मीडिया के दौर में गति बढ़ी है, लेकिन पत्रकारिता की विश्वसनीयता और तथ्यात्मक सटीकता सर्वोपरि रहनी चाहिए।

उपसभापति ने कहा कि युवा पत्रकार जटिल विधायी प्रक्रियाओं और आम नागरिक की आकांक्षाओं के बीच सेतु का काम कर सकते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं को युवाओं से जुड़ने वाले नए और प्रभावी कहानी कहने के प्रारूप विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

हरिवंश ने कहा कि संसद परिसर में काम करने वालों की विशेष नैतिक जिम्मेदारी होती है। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अनुशासन और समर्पण के मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि वे केवल सामग्री निर्माता नहीं, बल्कि जनता के जानने के अधिकार के संरक्षक भी हैं।

उन्होंने कहा कि मीडिया और शासन व्यवस्था लगातार बदल रही है, इसलिए सफल पेशेवर वही है जो जीवनभर सीखने की जिज्ञासा बनाए रखे।

# बुलेट ट्रेन खत्म करेगी छोटे रूटों पर हवाई सफर : अश्विनी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारत में बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक बड़ा और महत्वपूर्ण बयान दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि आने वाले वर्षों में, भारत का हाई-स्पीड रेल नेटवर्क कई छोटे घरेलू हवाई मार्गों पर हवाई यात्रा को करीब-करीब समाप्त कर देगा। सीआईआई बिजनेस समिट में रेल मंत्री वैष्णव ने एयरलाइन निवेशकों को आगाह कर संकेत दिया कि मुंबई-पुणे, हैदराबाद-बेंगलुरु और बेंगलुरु-चेन्नई जैसे प्रमुख रूटों पर यात्री अब फ्लाइट के बजाय बुलेट ट्रेन को प्राथमिकता देने वाले है। केंद्रीय मंत्री वैष्णव का तर्क है कि जिस तरह जापान, चीन और दक्षिण कोरिया में हाई-स्पीड रेल ने घरेलू विमानन बाजार को पूरी तरह बदल दिया है, ठीक उसी तरह भारत में भी एक बड़ा परिवर्तन देखने को मिलेगा।



केंद्रीय रेल मंत्री के अनुसार, मुंबई से पुणे की दूरी बुलेट ट्रेन से केवल 48 मिनट में तय होगी। इसी तरह, पुणे से हैदराबाद की यात्रा 1 घंटा 55 मिनट में, हैदराबाद से बेंगलुरु की यात्रा 2 घंटे 8 मिनट में और बेंगलुरु से चेन्नई की यात्रा महज 78 मिनट में पूरी होगी। इतनी कम यात्रा अवधि के साथ, लोग हवाई अड्डों पर लंबी सुरक्षा जांच, शहर के ट्रैफिक और उड़ानों में होने वाली देरी जैसी परेशानियों से बचने के लिए बुलेट ट्रेन को कहीं अधिक सुविधाजनक पाएंगे।

# पंजाब में भाजपा के कई कार्यालयों में तोड़फोड़ और हमला, स्थिति तनावपूर्ण



**एजेंसी**

**चंडीगढ़ ।** पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद पंजाब की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। रविवार को पंजाब के कई जिलों में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच टकराव की स्थिति पैदा होने के बाद सोमवार को सीमावर्ती जिला तरनतारन तथा राजधानी चंडीगढ़ से सटे मोहाली जिले में भाजपा कार्यालयों में तोडफ़ोड़ की गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने स्थिति को संभाला।

सीमावर्ती जिला तरनतारन में आज भाजपा कायार्लय पर हमला हुआ है। 15 से 20 लोग अचानक ऑफिस में लाठी-डंडे लेकर दाखिल हुए और तोडफ़ोड़ की। कुर्सियां और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया व नारेबाजी भी की। इस दौरान कुछ पत्थर फेंकते दिखे। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। भाजपा जिला प्रधान हरजीत सिंह संधू ने बताया कि वह किसी प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे, तभी 15 से 20 लोग ऑफिस में घुस आए। उन्होंने कहा कि हमलावर लगातार नारेबाजी कर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे थे।

भाजपा नेताओं के अनुसार हमलावरों ने पंजाब एकता जिंदाबाद और भाजपा मुर्दाबाद के पोस्टर भी फेंके। घटना के दौरान भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक हमलावर को पकड़ लिया। लेकिन उसके अन्य साथी उसे छुड़ाकर वहां से ले जाने में सफल रहे। इसके बाद सभी हमलावर मौके से फरार हो गए।

## झारखंड ट्रेजरी घोटाला में भाजपा ने की सीबीआई जांच और श्वेत पत्र की मांग



**रांची(हि.स.)।** झारखंड में सामने आए कथित ट्रेजरी घोटाले को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य सरकार पर हमला बोला है।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने सोमवार को मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर पूरे मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विभिन्न जिलों से ट्रेजरी के माध्यम से करोड़ों रुपये की अवैध निकासी की जो जानकारी सामने आ रही है, वह अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है।आदित्य साहू ने कहा कि यह मामला संयुक्त बिहार के चर्चित पशुपालन घोटाले की याद दिलाता है और इसकी गंभीरता उससे भी अधिक हो सकती है। उन्होंने आरोप लगाया कि महालेखाकार (सीएजी) की रिपोर्ट से स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि अनियमितताओं का दायरा काफी व्यापक है और इसमें केवल निचले स्तर के कर्मचारी ही नहीं, बल्कि प्रणाली से जुड़े प्रभावशाली लोगों की भूमिका भी हो सकती है।भाजपा ने राज्य सरकार की अब तक की कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं। पार्टी अध्यक्ष का कहना है कि सरकार केवल औपचारिक कदम उठाकर मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ छोटे कर्मचारियों या पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी दिखाकर सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचना चाहती है, जबकि इस मामले में निष्पक्ष और व्यापक जांच की आवश्यकता है।मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में भाजपा ने राज्य सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की भी मांग की है, जिसमें यह स्पष्ट किया जाए कि किन जिलों में कितनी अवैध निकासी हुई, महालेखाकार ने किन अनियमितताओं की ओर संकेत किया और अब तक किन अधिकारियों पर कार्रवाई की गई हैआदित्य साहू ने मुख्यमंत्री से पांच प्रमुख सवालों के जवाब भी मांगे हैं। इनमें विभिन्न जिलों में दर्ज मामलों की जांच की स्थिति, ई-कुबेर पोर्टल में कथित छेड़छाड़, डीडीओ और ट्रेजरी अधिकारियों की भूमिका, ऑडिट प्रक्रिया तथा जांच समितियों की समयसीमा जैसे मुद्दे शामिल हैं।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिन अधिकारियों पर वित्तीय निगरानी और ऑडिट की जिम्मेदारी थी,

## बीसीजी टीका लगने के बाद तीन दिन के नवजात की मौत,लगा लापरवाही का आरोप

**संताल एक्सप्रेस**

**जमशेदपुर ।** एमजीएम थाना क्षेत्र डिमना चौक स्थित कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी एमजीएम अस्पताल में सोमवार को तीन दिन के नवजात शिशु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद हड़कंप मच गया। मानगो गुरुद्वारा बस्ती निवासी बिट्टू रवानी के बेटे की मौत को लेकर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि बीसीजी टीका लगाए जाने के बाद बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई और कुछ ही घंटों में उसकी मौत हो गई।जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे नवजात को नियमित टीकाकरण के लिए एमजीएम अस्पताल लाया गया था। करीब



11-15 बजे अस्पताल में बच्चे को बीसीजी का टीका लगाया गया। इसके बाद परिजन बच्चे को लेकर घर लौट गए। परिवार का आरोप है कि घर पहुंचने के कुछ देर बाद बच्चे की धड़कन महसूस नहीं हुई और उसका शरीर नीला पड़ने लगा। घबराए परिजन तत्काल बच्चे को लेकर दोपहर करीब 3 बजे एमजीएम अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया ।घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। अस्पताल परिसर में परिजनों ने हंगामा करते हुए टीका लगाने वाली नर्स को सामने लाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। उनका कहना था कि बच्चा जन्म के बाद पूरी तरह स्वस्थ था और अस्पताल से छुट्टी भी सामान्य स्थिति में दी गई थी।सूचना मिलने पर पूर्व भाजपा नेता एवं समाजसेवी विकास सिंह भी अपने समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना को गंभीर बताते हुए कहा कि दो दिन पहले वे स्वयं नवजात को देखने अस्पताल गए थे और उस समय बच्चा स्वस्थ था। उन्होंने प्रशासन से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। मामले में अस्पताल प्रबंधन की ओर से देर शाम तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

## रांची में अन्इनफ्लुएंसर एंगेजमेंट पोर्टल का शुभारंभ



**रांची (हि.स.)।** पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड के पर्यटन स्थलों के प्रचार-प्रसार के लिए बड़े महानगरों के क्रिएटर्स को आमंत्रित किया जा सकता था लेकिन झारखंड की असली पहचान, यहां की सादगी, संस्कृति और लोकजीवन को सबसे बेहतर ढंग से हमारे अपने राज्य के इन्फ्लुएंसर्स ही प्रस्तुत कर सकते हैं।मंत्री सोमवार को पतरातू स्थित होटल पर्यटन विहार में सोमवार को पर्यटन विभाग, झारखंड की ओर से राज्य स्तरीय इन्फ्लुएंसर मीट 2026' का सफल आयोजन के दौरान बोल रहे थे।उन्होंने हमारी कोशिश है कि झारखंड के युवा क्रिएटर्स जब किसी पर्यटन स्थल पर कंटेंट निर्माण करें, तो वे गर्व से कह सकें कि वे झारखंड पर्यटन विभाग के साथ जुड़े हुए हैं। इससे न केवल राज्य की ब्रांडिंग मजबूत होगी बल्कि स्थानीय क्रिएटर्स को भी नई पहचान और अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विजन एवं पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य झारखंड के पर्यटन स्थलों, कला-संस्कृति, विरासत एवं स्थानीय खानपान को डिजिटल माध्यमों से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी पहचान दिलाना है।कार्यक्रम के दौरान मंत्री की ओर से 'इन्फ्लुएंसर एंगेजमेंट पोर्टल' का शुभारंभ किया गया। इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के कंटेंट क्रिएटर्स एवं इन्फ्लुएंसर्स को पर्यटन विभाग से औपचारिक रूप से जुड़कर कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। इस आयोजन में राज्य के 80 से अधिक प्रमुख सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान इन्फ्लुएंसर्स के साथ संवाद सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें पर्यटन प्रचार, डिजिटल स्टोरीटेलिंग, कंटेंट निर्माण एवं झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मंच तक पहुंचाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम में विभागीय सचिव मुकेश कुमार, झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) के प्रबंध निदेशक प्रेम रंजन, महाप्रबंधक राजीव रंजन सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण पर हाई कोर्ट सख्त, पुनर्वास और सुरक्षा व्यवस्था पर मांगी रिपोर्ट

**संताल एक्सप्रेस**

**रांची।** रामगढ़ जिले के प्रसिद्ध मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण से जुड़े मामले में दायर अवमानना याचिका पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान रामगढ़ के उपायुक्त (डीसी) वर्चुअल माध्यम से अदालत में उपस्थित हुए और मंदिर परिसर से हटाए गए वेंडरों के पुनर्वास समेत श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ी तैयारियों की जानकारी दी। उपायुक्त ने अदालत को बताया कि मंदिर परिसर से हटाए गए 254 वेंडरों को पहले मंदिर के निकट अस्थायी रूप से पुनर्वासित किया जाएगा। इसके बाद उनके लिए दुकानें बनाकर स्थायी पुनर्वास की व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी भी दुकानदार को आजीविका संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में दरी बिछाने और पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही वन भूमि पर अवैध कब्जा कर दुकान चला रहे लोगों को हटाया जाएगा। अतिक्रमण मुक्त कराई गई भूमि का उपयोग मंदिर के पुनर्निर्माण और




सौंदर्यीकरण कार्यों में किया जाएगा।सुनवाई के दौरान उपायुक्त ने रजरप्पा मंदिर के पुनर्निर्माण से संबंधित मास्टर प्लान अदालत के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए अतिरिक्त समय देने का आग्रह किया।

इस पर न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई शुक्रवार को निर्धारित करते हुए उस दिन भी उपायुक्त को उपस्थित रहने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने भैरवी नदी के डेंजर जोन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई। न्यायालय ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए दो स्तरों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जानी चाहिए। अदालत ने निर्देश दिया कि तत्काल लो-लेवल बैरिकेडिंग की जाए, जबकि बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए हाई-लेवल बैरिकेडिंग की अलग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता भारत कुमार ने अदालत में पक्ष रखा।

उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई में जल संसाधन विभाग के सचिव ने अदालत को बताया था कि भैरवी नदी के डेंजर जोन में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 50 लाख रुपये की लागत से बैरिकेडिंग का डीपीआर तैयार किया गया है।दरअसल, उच्च न्यायालय ने पूर्व में एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए थे। अदालत ने कहा था कि मंदिर के समीप स्थित भैरवी नदी तट पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण कई लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसे में न्यायालय के आदेशों का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि श्रद्धालुओं और पर्यटकों को सुरक्षित वातावरण और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।प्रार्थी ने अवमानना याचिका दायर कर 11 अगस्त 2023 को पारित आदेश के अनुपालन की मांग की है। उस आदेश में उच्च न्यायालय ने झारखंड सरकार, पर्यटन विभाग, झारखंड पर्यटन विकास निगम और रामगढ़ जिला प्रशासन को कई अनिवार्य निर्देश दिए थे।इन निर्देशों में मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, स्थायी स्नान घाटों का निर्माण, वस्त्र बदलने के कक्ष, शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना, अतिक्रमण हटाना तथा नदी के चौड़ीकरण जैसे कार्य शामिल हैं।

## केंद्र को आर्थिक चुनौतियों पर ठोस कदम उठाने की जरूरत : झामुमो



**रांची (हि.स.)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि केंद्र सरकार को देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति, बढ़ती महंगाई और आम लोगों पर बढ़ते आर्थिक दबाव को लेकर केंद्र सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है। उन्होंने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते खर्च से पहले से ही परेशान है, ऐसे में सरकार को राहत देने वाली नीतियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए।विनोद पांडेय ने कहा कि हाल के दिनों में पेट्रोल बचाने, अनावश्यक खर्च कम करने और घरेलू संसाधनों के बेहतर उपयोग जैसी अपीलों के बीच सरकार को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि जनता को राहत देने के लिए महंगाई नियंत्रण, रोजगार सृजन और आर्थिक स्थिरता पर प्राथमिकता के साथ कार्य होना चाहिए।उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। साथ ही किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाना चाहिए।विनोद पांडेय ने कहा कि जनता सरकार से पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास से जुड़े ठोस परिणामों की अपेक्षा रखती है।

## सरना धर्म कॉलम को लेकर आदिवासी अधिकार मंच का प्रदर्शन

**संताल एक्सप्रेस /रांची ।** सोमवार आदिवासी अधिकार मंच, झारखंड ने जनगणना प्रपत्र में आदिवासी/सरना धर्म का कॉलम लागू करने तथा बैंक सहित सभी सरकारी कामकाज में,जहां धर्म का कॉलम हो उन सभी में आदिवासी/सरना धर्म का कॉलम अनिवार्य रूप से देने की मांग को लेकर अल्बर्ट एक्का चौक में जुझारू प्रदर्शन किया। वहां मंच के राज्य अध्यक्ष प्रफुल्ल लिंडा की अध्यक्षता में सभा हुई जिसे संबोधित करते हुए मंच के राज्य संयोजक सुखनाथ लोहरा ने कहा कि आजादी से पहले अंग्रेजी हुकूमत के समय जनगणना प्रपत्र में आदिवासियों के धार्मिक पहचान के लिए ट्राइबल रिलिजन,आदिवासी धर्म ,जीववादी प्राकृतिक धर्म का कॉलम होता था।कहा कि अपनी कथित हिंदुत्व की सांप्रदायिक व विभाजनकारी राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए मोदी सरकार जनगणना में आदिवासी/ सरना धर्म का कॉलम नहीं देकर आदिवासियों के धर्म के संवैधानिक अधिकार पर हमला कर रही है।उन्होंने इसका मुकाबला करने और अपने धर्म कोड के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।उन्होंने हेमंत सरकार से भी अपने सभी विभागों में आदिवासी/सरना धर्म का कॉलम देने की मांग की।मौके पर मंच के छोटानागपुर संयोजक प्रकाश टोप्पो,डॉ कीर्ति सिंह मुंडा,कृपा एक्का,नीमा तिर्की,सीमा केरकेट्टा,मिला कुजूर,पूनम उरांव,चांदनी कच्छप,राकेश तिर्की,बुधराम उरांव,पुष्प तिर्की,मधु कच्छप,गणपति भोक्ता,पांडु मुंडा, अंजन समद, जुबिनियूस तिरु, बिगल उरांव,दिवाकर सिंह मुंडा,जेहरु लाल मुंडा,सहचरी देवी,राजेश मुंडा,शंकर मुंडा,शंकर उरांव,चारों भगत,सुखराम बेदिया,करमचंद्र उरांव सहित कई लोग शामिल थे।

## मासूम अदिति की तलाश में जुटा पूरा शहर

**रांची (ईएमएस)।** सदर थाना क्षेत्र से शनिवार शाम लापता हुई डेढ़ वर्षीय मासूम अदिति पांडेय का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस संवेदनशील मामले का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची पुलिस को कड़े निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए पुलिस को आदेश दिया कि अदिति बिटिया की खोज के लिए चलाए जा रहे अभियान में तेजी लाएं और की गई कार्रवाई से जल्द अवगत कराएं। मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने जिले के सभी थानों को अलर्ट कर दिया है, हालांकि सोमवार सुबह तक बच्ची का कोई ठोस पता नहीं चल सका। लापता बच्ची के पिता मनीष कुमार पांडेय और उनका परिवार कोकर स्थित डान बॉस्को स्कूल के पास खोरा टोली में रहता है। अदिति की उम्र मात्र एक वर्ष आठ माह है। बच्ची के अचानक गायब होने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बदहवास परिजन हाथों में अदिति के पोस्टर लिए शहर के विभिन्न कोनों में खाक छान रहे हैं और आम लोगों से मदद की गुहार लगा रहे हैं। सोशल मीडिया पर भी बच्ची की सुरक्षित वापसी के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इलाके के कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले हैं और स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है।गौरतलब है कि झारखंड हाई कोर्ट ने भी हाल ही में राज्य में गुमशुदा बच्चों के मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी थी, क्योंकि एनसीआरबी के आंकड़ों में राज्य की स्थिति चिंताजनक रही है।

## पेसा नियमावली पर आदिवासी अधिकार मंच की कार्यशाला सम्पन्न

**संताल एक्सप्रेस**

**रांची ।** आदिवासी अधिकार मंच, झारखंड के बैनर तले सफदर हाशमी सभागार,विश्वकर्मा मंदिर गली, मेन रोड, रांची में पेसा झारखंड नियमावली2025 पर राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला का उद्घाटन मंच के राज्य अध्यक्ष प्रफुल्ल लिंडा ने किया।इसके बाद मंच के राज्य संयोजक सुखनाथ लोहरा ने नियमावली पर विस्तृत रिपोर्ट पेश किया और नियमावली को और सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव दिए।इसके बाद रिपोर्ट पर एवं नियमावली को सशक्त बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई जिसमें रांची,गुमला, लोहरदगा,खूंटी,पश्चिमी सिंहभूम,पाकुड़ जिलों से 16 प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कई




महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा अपने अनुभवों को रखा।इसमें यह जमीनी हकीकत सामने आई कि आनन फानन में मुखिया,पंचायत सचिव और प्रखंड के पदाधिकारी बिना पूर्व सूचना दिए एवं बिना प्रचार प्रसार किए ही आनन फानन में कुछ प्रभावशाली लोगों के साथ बैठ कर पंचायत का सहायक सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव कर रहे हैं जबकि गुमला जिला से बात आई कि वहां सिर्फ सहायक सचिव का ही चुनाव किया जा रहा है।इस परिस्थिति में विधिवत ग्राम सभा की बैठक बुलाने के बाद ही पंचायत के सहायक सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव कराने की मांग की गई।ऐसा नहीं होने पर आंदोलन तेज करने का फैसला लिया गया।कार्यशाला में नियमावली को सशक्त बनाने के लिए आए सुझावो के आधार पर मंच की ओर से राज्यपाल,मुख्यमंत्री,पंचायत राज मंत्रीऔर जिलों के उपायुक्तों को मांग पत्र देने का निर्णय लिया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रकाश टोप्पो ने किया जबकि इस कार्यक्रम में रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पाकुड़, गुमला, लोहरदगा, खूंटी सहित राज्यभर से 122 प्रतिनिधि शामिल हुए जिसमें नगड़ी प्रमुख मधु कच्छप,राहे के मुखिया पांडु मुंडा, पूर्व पार्षद पुष्पा तिर्की,लोहरदगा के पूर्व पंचायत समिति सदस्य चारो भगत,पाकुड़ के पूर्व पंचायत समिति सदस्य एलियास हेंब्रम,रातु की पूर्व पंचायत समिति सदस्य सीमा केरकेट्टा सहित कई पूर्व पंचायत प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

## बिजली-पानी संकट को लेकर भाजपा का घड़ा फोड़ प्रदर्शन



**धनबाद।** बिजली - पानी दे न सके जो, वह सरकार निकम्मी है, जो सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है। ऐसे ही कुछ और नारों के साथ भाजपाई सोमवार को सड़क पर उतरे। पैदल मार्च किया और डीसी ऑफिस का घेराव - प्रदर्शन किया। नेताओं ने आरोप लगाया कि धनबाद की बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। पानी संकट से जनता परेशान है। भीषण गर्मी में तालाब, नदी तथा अन्य जल स्रोतों की भी स्थिति ठीक नहीं। भाजपा नेता तथा कार्यकर्ता अपने हाथों व सिर पर घड़ा लेकर प्रदर्शन में शामिल हुए थे। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मौके पर कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है। जनता पानी - बिजली के लिए तरस रही है। जिला प्रशासन भी मौन है। जनता की समस्या समाधान के लिए कोई प्रयास नहीं हो रक्षा। उन्होंने कहा कि हाल में ही एक सरकारी अस्पताल में प्रसव के लिए आई महिला तथा नवजात की मौत हो गई। कारण यह था कि अस्पताल में बिजली नहीं थी। मोबाइल की रोशनी में नर्स ने प्रसव कराया था। प्रशासन और राज्य सरकार कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जल्द ही बिजली - पानी की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो भाजपा आंदोलन तेज करेगी। **सांसद ढुलू महतो ने कहा कि** पानी बिजली लोगों के लिए जरूरी है। बिजली- पानी संकट विकराल हो गया है। भाजपा का यह विरोध प्रदर्शन नींद में सोई झारखण्ड सरकार को जगाने के लिए है विधायक राज सिन्हा ने कहा कि स्थिति विकराल हो गई है। जनता की परेशानी दूर करने के लिए भाजपा ने आंदोलन किया है।

## हाईटेंशन तार की चपेट में झुलसे नाबालिग की इलाज के दौरान मौत

**जमशेदपुर ।** टाटानगर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-3 पर पांच दिन पहले हुए हादसे में गंभीर रूप से झुलसे एक नाबालिग की सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। वह महात्मा गांधी मेमोरियल (एमजीएम) अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती था, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका उपचार चल रहा था। हालांकि शरीर का बड़ा हिस्सा जल जाने के कारण उसकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई थी।बताया जाता है कि नाबालिग प्लेटफार्म पर खड़ी मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रहे हाई टेंशन ओवरहेड बिजली तार की चपेट में आ गया। तेज करंट लगते ही वह बुरी तरह झुलस गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों और रेलकर्मियों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया था। सोमवार को उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर टाटानगर रेल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतक की पहचान और परिजनों की तलाश में जुटी है।

## टांडाबाड़ी प्राथमिक स्कूल की जमीन धंसी, दीवारों में पड़ीं दरारें



**धनबाद।** भू-धंसान प्रभावित टंडाबाड़ी नया प्राथमिक विद्यालय भवन में रविवार की रात अचानक दरार पड़ गई व जमीन धंस गई। इससे विद्यालय के अंदर रखे टेबल-बेंच समेत अन्य सामग्री फंस गई है। पूर्व में हुई भू-धंसान की घटना के बाद विद्यालय में नामांकित 49 बच्चों की पढ़ाई राजा कोठी स्थित एक निजी कमरे में कराई जा रही है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार एवं शिक्षक वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि विद्यालय भवन की स्थिति को लेकर जिला शिक्षा अधीक्षक धनबाद, बीडीओ, बीईईओ तथा गोविंदपुर क्षेत्र के जीएम को जानकारी दी गई है। सीआरपी के माध्यम से पत्र भेजा गया है। पत्र में विद्यालय को जियालगोरा गोविंदपुर में शिफ्ट करने तथा सामग्री निकालने हेतु रेस्क्यू दल की व्यवस्था करने की मांग की गई है। दूसरी ओर टंडाबाड़ी स्थित तालाब किनारे भी दरार उभर आई है, जिससे आसपास की जमीन लगातार धंस रही है। विदित हो कि इससे पूर्व भी टंडाबाड़ी क्षेत्र में कई बार भू-धंसान की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे आसपास के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।विद्यालय भवन में धीरे धीरे दरार का दायरा बढ़ते जा रहा है।

## बम धमाके में चोरी का आरोपित घायल

**धनबाद ।** धनबाद थाना क्षेत्र के ठाकुर कुल्ही में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में हुए जोरदार धमाके में शिवकुमार उर्फ टिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में वह घायल हो गया। घायल को पहले एसएनएमएमएएचमें भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया।बताया जा रहा है कि टिंकू हाल ही में ठाकुर कुल्ही में नया मकान बनाकर रहने आया था। पड़ोसियों के मुताबिक तडके सुबह उसके घर की तरफ से तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। कुछ देर बाद वह लहूलुहान हालत में पड़ोसियों के घर पहुंचा और मदद मांगने लगा।

## केशरगढ़ बस्ती को खाली कराने की कवायद तेज



**धनबाद।** भू - धंसान प्रभावित केशरगढ़ को खाली कराने की कवायद तेज हो गई है।बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र के एबीओसीपी परियोजना के विस्तारीकरण और भूमिगत आग व भू-धंसान की गंभीर समस्या के कारण केशरगढ़ बस्ती को खाली कराना है। सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय में प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच वार्ता संपन्न हुई। मालूम हो कि इसी सप्ताह कोयला राज्यमंत्री का दौरा होना है। इससे पहले सीएमडी के निर्देश पर प्रबंधन की ओर से इस वार्ता में मुख्य रूप से जीएम अरविंद कुमार सिन्हा, भू - संपदा एडवाइजर नंदलाल अग्रवाल, नोडल अधिकारी डीके सिंह, क्षेत्रीय जीएम कुमार रंजीव, एजीएम पीएसके सिन्हा, भू संपदा पदाधिकारी सोनम सिन्हा, सर्वे ऑफिसर एके सिंह, सीके सिंह, एल धुर्वे, एपीएम अनील कुमार, सुरेश रवानी शामिल थे। मुख्यालय प्रबंधन का पूरा जोर इस बात पर है कि परियोजना के विस्तार के लिए केशरगढ़ बस्ती को जल्द से जल्द खाली कराया जाए। क्योंकि यह क्षेत्र वर्तमान में भूमिगत आग और धंसान की जद में है, जो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। 32 साल का लंबा इंतजार और ग्रामीणों की मांग वार्ता के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को प्रमुखता से रखा। उनका कहना है कि बस्ती खाली करने का मुद्दा नया नहीं है, बल्कि जमीन के बदले नियोजन और पुनर्वास का मामला 32 वर्षों से लंबित पड़ा है। ग्रामीणों ने प्रबंधन के समक्ष मांग दोहराई कि पूर्व में स्वीकृत किए गए 212 पदों पर नियोजन की प्रक्रिया को तुरंत पूरा किया जाए। बस्ती खाली करने से पहले ग्रामीणों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनके रहने की सही व्यवस्था और रोजगार का अधिकार सुनिश्चित नहीं होता, तब तक पुनर्वास उनके लिए संभव नहीं है।फिलहाल, वार्ता किसी ठोस निर्णय पर तो नहीं पहुंची, लेकिन दोनों पक्षों के बीच संवाद जारी रखने पर सहमति बनी है। मौके पर ग्रामीणों की ओर से दिवाकर महथा, सुभाष चंद्र महथा, दिलीप कुमार महथा, शिव शंकर महथा, बिपिन कुमार महथा, बिंदेश्वर महथा,करन कुमार महथा, मिहिर कुमार महथा आदि मौजूद थे।

## एचईसी के कर्मियों को वेतन के बारे में पूछने पर मिल रही सस्पेंड करने की धमकी : यूनियन

**रांची (हि.स.)।** एचईसी मजदूर संघ की बैठक यूनियन कार्यालय में एचईसी की समस्याओं को लेकर जीतू लोहरा की अध्यक्षता में सोमवार को हुई। बैठक में एचईसी में कार्यरत कर्मचारियों और अधिकारियों ने कहा कि वेतन और काम की स्थिति को लेकर सवाल पूछने पर उन्हें अटेंडेंस काटने और सस्पेंड करने की धमकी दी जा रही है।कर्मचारियों के अनुसार एचईसी में कई कर्मियों का 29 से 34 महीने तक का वेतन बकाया है। इसके बावजूद कर्मचारी पूरी निष्ठा और मेहनत से कारखाने में कार्य कर रहे हैं और उत्पादन को समय पर पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।कर्मचारियों का कहना है कि वे अपने परिवार से हजारों किलोमीटर दूर बेहतर भविष्य और रोजगार की उम्मीद लेकर यहां आए थे, लेकिन आज स्थिति यह है कि परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कर्मियों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने भेल से आए हुए प्रभारी निदेशकों से पूछा कि कारखाने में पर्याप्त काम कब आएगा और समय पर वेतन मिलने की व्यवस्था कब होगी, तो अधिकारियों ने कथित तौर पर कहा कि पेमेंट के बारे में सवाल नहीं करने को कहा। साथ ही कहा गया कि यदि दोबारा वेतन की मांग की गई तो अटेंडेंस काट दी जाएगी और सस्पेंड कर दिया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**सं.: ओ-एसी-टी-24-26-27 (खुला), माहित: 08.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओलाकान कामी लागित् ई-ठिका (खुला) नेवतायेत् कानाः **केस सं. ओ-एसी-टी-24-26-27, कामी रेयाक् ञुतुमः** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल रेयाक् अधिकार टोठा रे ठिकादारकोवाक् मोबाइल लैश बट वेल्डिंग प्लांट सांवते साइट रे 60 केजी/52 केजी (90/72 यूटीएस, आर 260) (नई/एसएच/एसआर/एसडब्ल्यूआर/एलडब्ल्यूआर ) रेल रेयाक् लैश बट बेल्डिंग लागित् खुला **ठिका। ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 2,30,64,994.32, **बायना पायसाः** रु. 4,61,300/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** 12 चान्दो। **बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 02.06.2026 हिलोक् 12.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रे हों ञेल दाड़ेयाक्आ।

**ASN-67/2026-27**

ठिका खोबोर दो वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुला ठिका खोबोर सं.: 13-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, माहित 08.05.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत आर दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते लातार रे ओनाकान कामी लागित् ई-ठिका नेवतायेत् कानाः **कामी रेयाक् ञुतुम/जायगाः** आसनसोल मंडलः आसनसोल रे डीआरएम कार्यालय आर रेलवे ऑफिसर्स कॉलोनी रे सीसीटीवी बेबोसताय आर आसनसोल मंडलः जुदा-जुदा स्टेशन/यार्ड रे सीसीटीवी कैमरा रेयाक् लाकती। **ठिका रेयाक् पूंजीः रु.** 1,19,45,872.65, **बायना पायसाः** रु. 2,38,900/-, **कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः** एलओए ओडोडोक् रेयाक् तारीक खोन 18 चान्दो। **ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** 04.06.2026 हिलोक् 14.00 बजे। **वेबसाइट रेयाक् बानाडायः http://www.ireps.gov.in/**

**ASN-66/2026-27**

ठिका खोबोर दो वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

नोंडे पांजालेपेः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# पूर्व केंद्रीय मंत्री की माता की प्रतिमा का अनावरण



**ठाकुरगंगटी ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित हरि देवी रेफरल अस्पताल परिसर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय रामेश्वर ठाकुर की पूजनीया माता स्व हरि देवी की स्मृति में निर्मित स्मारक का अनावरण झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया। हरि देवी की पुण्य स्मृति में स्थापित यह स्मारक मातृशक्ति के सम्मान, संस्कारों के प्रति श्रद्धा और समाजसेवा के मूल्यों का प्रेरक प्रतीक है। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करना, किसानों को आधुनिक एवं टिकाऊ कृषि से जोड़ना तथा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि महागामा के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुँचाना और समुदाय आधारित भागीदारी को मजबूत करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## लंबित मामलों के निष्पादन में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए : डीसी

**गोड्डा ।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में प्राप्त जनशिकायतों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त कुल 308 लंबित एवं नए प्राप्त जनशिकायत मामलों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उपायुक्त ने विभागवार मामलों की स्थिति की जानकारी लेते हुए आगामी बैठक हेतु संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनशिकायतें प्रशासन एवं आम जनता के बीच विश्वास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इसलिए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका त्वरित समाधान किया जाना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी पदाधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सरकार की योजनाओं का लाभ वास्तविक एवं पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई समीक्षा बैठक में अपर समाहर्ता गोड्डा प्रेमलता मुर्मू, अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा वैद्यनाथ उरांव, अनुमंडल पदाधिकारी महागामा आलोक वरण केसरी, जिला आपूर्ति सह जिला नजारत उपसमाहर्ता गोड्डा अविनाश पूर्णेन्दु,जिले के अन्य वरीय पदाधिकारीग सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## सृजन सुरभि ने दी साहित्यकार विजय कुमार भारती को काव्यांजलि



**गोड्डा ।** साहित्यिक संस्था सृजन सुरभि द्वारा रविवार शाम मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन स्थानीय नहर चौक अवस्थित गायत्री मंदिर परिसर में किया गया। इस अवसर पर पिछले दिनों हुए दिवंगत आरण्यक काव्य मंच के संस्थापक विजय कुमार भारती को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय वरीय नागरिक संघ की राष्ट्रीय सचिव गीता मिश्रा ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर केंद्रीय विद्यालय गोड्डा के अध्यापक राजकुमार तांती उपस्थिति हुए। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि डॉ. ब्रह्मदेव कुमार ने किया।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के पश्चात माता सरस्वती एवं स्व. भारती के चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। स्वागत संबोधन सृजन सुरभि के संयोजक शैलेंद्र राम द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि स्व. विजय कुमार भारती अखिल भारतीय साहित्य परिषद के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष थे।

## आरसीसी नाला निर्माण में गड़बड़ी, पार्षद ने की जांच की मांग



**गोड्डा ।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-2 के पार्षद सौरभ परासर ने नगर परिषद द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या यूडीडी/एनपीजी/06/2024-25 के तहत कराए गए आरसीसी नाला निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की बात कहते हुए उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड को आवेदन भेजा है। पार्षद ने आवेदन में कहा है कि हटिया चौक बजरंगबली मुख्य सड़क से करुणा रेस्ट हाउस तक, करुणा रेस्ट हाउस से राजकचहरी तालाब पुलिया तक, सुभाष झा पान दुकान से डॉ. अमोद मिश्रा क्लिनिक तक तथा डॉ. अमोद मिश्रा क्लिनिक से टीओपी रौतारा चौक तक कराए गए आरसीसी नाला निर्माण कार्य निविदा, स्वीकृत प्राक्कलन और एमबी बुक के अनुरूप धरातल पर पूर्ण रूप से निष्पादित नहीं किए गए हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि कार्य की वास्तविक स्थिति और कागजी अभिलेखों में स्पष्ट अंतर प्रतीत हो रहा है, जबकि संबंधित योजनाओं का पूर्ण भुगतान किए जाने की जानकारी मिली है। पार्षद ने मामले में एमबी बुक, एग्रीमेंट, भुगतान विवरण और कार्यादेश को सार्वजनिक करने की मांग की है। साथ ही वार्ड संख्या 2, 3 और 4 के पार्षदों की उपस्थिति में निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने तथा जांच में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित संवेदक एवं जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

**पूर्व रेलवे**

**ठिका खोबोर सं.: ईएल-16-26, तारीक 08.05.2026,** वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता (सामान्य), पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 होतेते नामडाक ठिकादारको जाहांय ठेन दो चालू ठिकादारकोवाक् लाइसेंस मेनाक् आर जुदा-जुदा कामी पुराउ रे काउडी ते दाड़े मेनाक्कोआ, ठेन खोन ई-ठिका नेवतायेत् कानाः कामी रेयाक् जुतुम आर ओना रेयाक् जायगाः आसनसोल मंडलः आसनसोल मंडल होतेते रेलवे कॉलोनीको रे एलटी ओवरहेड लाइन रेयाक् अंडरग्राउंड केबल लागावआरोय आर सोंगे तेयाक् कामी। **ठिका रेयाक् पूंजीः** रु. 1,70,73,785.15, **बायना टाकाः** रु 3,41,500/-, **ठिका कागोज रेयाक् गोनोङः** शून्य। कामी पुराउ रेयाक् सोमोयः गेलबार 12 चान्दो। **बोन्दोक् आर झिजुक् रेयाक् तारीक आर सोमोयः** माहित 02.06.2026 हिलोक् 11.00 बजे। पुराउ बानाडाय दो रेलवे रेयाक् वेबसाइट **www.ireps.gov.in** रेपे ञेल दाड़ेयाक्आ।

**ASN-63/2026-27**

ठिका खोबोर दो वेबसाइटः**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** रे हों बेबोसता आकान मेनाक्आ।

**नोंडे पांजालेपेः** @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## वर्धनडंगाल में चला टीबी मुक्त भारत अभियान

**नाला (जामताड़ा)।** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत नाला प्रखंड क्षेत्र के वर्धनडंगाल में सोमवार को 100 डेज टीबी कैंपेन चलाया गया। शिविर में उच्च जोखिम वाले लोगों की आधुनिक तकनीक से जांच की गई तथा संदिग्ध मरीजों के बलगम का संग्रह किया गया। इस संबंध में चिकित्सा टीम के एसटीएलएस फिरोज अंसारी ने बताया कि अभियान के तहत डायबिटीज, पुराने टीबी मरीज, शराब एवं धूम्रपान करने वाले, हाइपरटेंशन, एचआईवी संक्रमित तथा 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों की एआई आधारित पोर्टेबल एक्स-रे मशीन से ऑन स्पॉट जांच की जा रही है।

# महागामा में इंटर कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं को मंत्री ने किया सम्मानित



संताल एक्सप्रेस

**महागामा ।** इंटर कॉलेज महागामा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को ग्रामीण विकास सह पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों के प्रदर्शन से महागामा गौरवान्वित हुआ है और वह खुद भी काफी गर्व महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि आप लोग अपने करियर के महत्वपूर्ण पड़ाव पर है, जिसमें आप बहुत बेहतर कर सकते है। आप अपने लिए वही करियर चुने और उसमें बेस्ट होने का प्रयास करें। श्रीमती पांडे ने सफल छात्र-छात्राओं से कहा कि कभी आप लोगों को लगे कि अपने विधायक से सहयोग चाहिए तो आप बेहिचक बताएं। मंत्री ने बच्चों के सफलता पर माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई दिया। सम्मान समारोह में मंत्री ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह शुरुआत है, आप लोग अभी और आगे बढ़ें और महागामा का नाम रोशन करें। श्रीमती पांडे ने मदर्स डे के अवसर पर सफल छात्र-छात्राओं की माताओं का भी सम्मान करते हुए कहा कि हर सफलता के पीछे मां का आशीर्वाद और समर्पण सबसे बड़ी शक्ति होती है। सम्मान समारोह कार्यक्रम में प्राचार्य मोहम्मद मोहिउद्दीन, प्रोफेसर सजल हजारी, डॉ आस्तिक कुमार मिश्र, आर्य कालिदास भारती, नीलम कुमारी, डॉ सुनील गुप्ता, इंदू महतो, अनुजा भारती, विभाषा मुर्मू, रजनीश आनंद, चंदन कुमार दास, अपूर्व कुमार दास, मोहम्मद शाहजहां, सुमित कुमार मिश्रा, नदीम सरवर सहित कालेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद थे।

## अपराध गोष्ठी में एसपी ने दिया अपराध पर नियंत्रण का निर्देश



गोड्डा प्रतिनिधि

**गोड्डा ।** गोड्डा में सोमवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा मासिक अपराध गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, पुलिस निरीक्षक, परिचारी, थाना प्रभारी, शाखा प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। गोष्ठी में अपराध नियंत्रण, विधि-व्यवस्था, लंबित मामलों के निष्पादन तथा पुलिस कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को वाहन दुर्घटना, वाहन चोरी एवं अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए समय-समय पर अलग-अलग स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। अवैध शराब, कौरेक्स, गांजा सहित मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी करने वालों के अड्डों पर छापेमारी कर संलिप्त लोगों को चिन्हित करते हुए विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।मोटरसाइकिल चोर गिरोहों पर विशेष निगरानी रखते हुए उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। चोरी एवं गृहभेदन कांडों में विशेष रुचि लेते हुए उद्भेदन और चोरी गए सामानों की बरामदगी को लेकर तेजी लाने की बात कही गई। थाना स्तर पर सभी बैंक, एटीएम, ज्वेलरी दुकानों एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, सीसीटीएनएस में सभी आंकड़ों की समय पर प्रविष्टि तथा अधिकाधिक कांड निष्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया। लंबित वारंट, कुर्की, जमानतीय एवं गैर जमानतीय वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाने को कहा गया।

अवैध खनन रोकने के लिए खनन विभाग एवं अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सभी पुलिस निरीक्षकों को अनुसंधानकर्ताओं के साथ नियमित समीक्षा कर लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया।पुलिस मुख्यालय, पुलिस उप-महानिरीक्षक कार्यालय एवं अन्य कार्यालयों से प्राप्त पत्रों, चरित्र सत्यापन, पासपोर्ट सत्यापन और पुलिस हेल्पलाइन से प्राप्त आवेदनों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।सम्पत्ति मूलक अपराधों पर रोक लगाने, आपराधिक छवि वाले व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने, सर्विलांस प्रोसीडिंग चलाने तथा गुंडा पंजी में नियमानुसार नाम दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए। महिलाओं के प्रति अपराध से संबंधित सूचना या आवेदन प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।इसके साथ ही समय-समय पर सघन वाहन जांच अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करने तथा डायल 112 से प्राप्त सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाई कर संबंधित प्रतिवेदन अविलंब सीसीआर एवं डायल 112 कार्यालय को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया

## कांग्रेसियों ने संगठन मजबूती और लोकसभा चुनाव की रणनीति पर की चर्चा



संताल एक्सप्रेस

**गोड्डा ।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में रविवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष सह गोड्डा लोकसभा प्रभारी गुंजन सिंह के आगमन पर एक महत्वपूर्ण बैठक एवं प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गोड्डा जिला कांग्रेस अध्यक्ष यहिया सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए गुंजन सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं जनहितकारी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को और अधिक सक्रिय होकर जनसंपर्क अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक ढांचे को मजबूत बनाने तथा जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने एवं समाधान के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान बीएलए-2 (बूथ लेवल एजेंट-2) प्रशिक्षण को भी अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूची की जांच करने, नए मतदाताओं का नाम जोड़वाने तथा सूची में मौजूद त्रुटियों को सुधारने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने को कहा गया।सुश्री गुंजन सिंह ने कहा कि मजबूत संगठन ही चुनावी सफलता की कुंजी है और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के सहयोग से पार्टी गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में मजबूत स्थिति बनाएगी।

वहीं बैठक में उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को और सशक्त बनाने तथा आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मजबूत स्थिति में पहुंचाने का संकल्प लिया। उक्त कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य अरशद वहाब, विकास सिंह, अर्चना देवी, सुशीला देवी, विनय ठाकुर, अभय जायसवाल, सुमित कुमार बिट्टू, एकरारुल हसन, राजेश, युवा अध्यक्ष शशि कुमार, आरती कुमारी, जुगनू अली, महबूब अंसारी, राजेश गाडिया, बोलबम कुमार, इफ्तेखार अंसारी समेत दर्जनों कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# जामताड़ा में धुमकुड़िया भवनों को मिले पारंपरिक वाद्ययंत्र



संताल एक्सप्रेस

**जामताड़ा।** जामताड़ा समाहरणालय स्थित एसजीएसवाई प्रशिक्षण भवन सभागार सोमवार को आदिवासी संस्कृति और परंपरा की रंगत में सराबोर दिखा, जहां आईटीडीए एवं कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में धुमकुड़िया भवनों और आदिवासी संस्कृति केंद्रों के लिए पारंपरिक वाद्ययंत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड सरकार के मंत्री डॉ इरफान अंसारी, उपायुक्त आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक शम्भू कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त निरंजन कुमार एवं आईटीडीए परियोजना निदेशक जुगनू मिंज ने दीप प्रज्वलित कर किया।उन्होंने कहा कि धुमकुड़िया भवन और जाहेर थान आदिवासी समाज की सांस्कृतिक आत्मा हैं, जिनके संरक्षण के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही है।उपायुक्त आलोक कुमार ने कहा कि आधुनिकता की दौड़ में अपनी सांस्कृतिक जड़ों को बचाए रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने युवाओं से लोकगीत, लोकनृत्य और पारंपरिक वाद्ययंत्रों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की अपील की।

## जल संकट और संगठन विस्तार पर भाजपा का मंथन



**जामताड़ा।** जामताड़ा भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष सुमित शरण की अध्यक्षता में संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री शालिनी बैसखियार ने नवगठित जिला कमिटी के सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।जिलाध्यक्ष सुमित शरण ने कहा कि नई जिला कमिटी गठन के बाद यह पहली औपचारिक बैठक थी।

## बंगाल में भाजपा सरकार बनते ही गो तस्करी होगी बंद

**कुंडहित (जामताड़ा)।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में भाजपा पार्टी की बहुमत बनते ही गो तस्करी बंद होना शुरू हो गई। उक्त जानकारी नाला विधानसभा क्षेत्र के भाजपा के पूर्व प्रत्याशी माधव चन्द्र महतो ने दी । उन्होंने कहा बीते 09 मई 2026 में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत के बाद झारखंड से पश्चिम बंगाल के रास्ते होते हुए बंगलादेश गो तस्करी बंद होगी। उन्होंने कहा बंगाल में टीएमसी सरकार रहते प्रति वुधवार एंव गुरुवार को झारखंड से पश्चिम बंगाल जाने वाले रास्ते से हजारों की संख्या में गो तस्करी होती थी। विभिन्न रास्ते से पशु तस्करों द्वारा पश्चिम बंगाल राजनगर पशु हटिया नही ले जा सके।

## करमदहा मंदिर में करोड़ों की कमाई, फिर भी बदहाली के आंसू रोता आस्था का केंद्र



**जामताड़ा।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल करमदहा मंदिर आज अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। दुखद विडंबना यह है कि जिस मंदिर से राज्य सरकार और प्रशासन को सालाना लगभग 60 लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त होता है, वही मंदिर आज किसी बड़ी अनहोनी या दुर्घटना का इंतजार कर रहा है।राजस्व का स्रोत, विकास में शून्यकरमदहा का दुखिया महादेव मंदिर केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि आर्थिक रूप से भी अत्यंत समृद्ध है। मकर संक्रांति के अवसर पर यहाँ लगने वाले ऐतिहासिक मेले और साल भर के चढ़ावे से सरकार के खजाने में बड़ी राशि जमा होती है।

# रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा कार्य है : डॉ इरफान



**जामताड़ा।** जामताड़ा सदर अस्पताल परिसर सोमवार को सामाजिक सेवा और मानवता के संदेश से सराबोर नजर आया, जहां मारवाड़ी युवा मंच, जामताड़ा शाखा की ओर से जिला स्वास्थ्य समिति के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया और जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदान का संदेश दिया।कार्यक्रम में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री डॉ इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा कार्य है। उन्होंने लोगों से नियमित रक्तदान के लिए आगे आने की अपील करते हुए कहा कि एक छोटी सी पहल कई जिंदगियां बचा सकती है।शिविर के दौरान राजेश भारती, संजय पोद्दार, जतिन परशुरामका, उमेश शास्त्री, सुशील सरावगी और प्रवीण जालान सहित कई युवाओं ने रक्तदान कर समाज के सामने प्रेरणादायी उदाहरण पेश किया। मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष जतिन परशुरामका ने बताया कि एक यूनिट रक्त तीन लोगों की जान बचाने में सहायक होता है और मंच लगातार युवाओं को सामाजिक कार्यों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है।कार्यक्रम के सफल संचालन में सचिव अभिषेक डोकानिया, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल तथा मंच के अन्य सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के दौरान अस्पताल प्रशासन का भी सराहनीय सहयोग देखने को मिला।

## राजस्व मामलों का त्वरित और पारदर्शी निष्पादन करें सुनिश्चित : डीसी

**गोड्डा ।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला राजस्व शाखा, गोड्डा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी अंचलों में संचालित राजस्व संबंधी कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा भूमि विवाद मामलों के निष्पादन, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ऑनलाइन जमाबंदी, अतिक्रमण वाद, राजस्व वसूली, सरकारी भूमि संरक्षण, भूमि हस्तांतरण, म्यूटेशन, सीमांकन से संबंधित लंबित मामलों सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की गई। साथ ही उन्होंने ऑनलाइन सेवाओं से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने एवं आमजनों को सरल एवं सुगम सेवा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने मत्स्य विभाग, सहकारिता विभाग, विद्युत विभाग, नगर परिषद, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल सहित अन्य विभागों के राजस्व संग्रहण की प्रगति की समीक्षा की ।

## पीडीएस डीलर की मौत पर एसोसिएशन ने सरकार से लगाई मदद की गुहार



**जामताड़ा।** जामताड़ा जिला फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की ओर से सोमवार को कंबाइंड बिल्डिंग शिशु बागान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष मोहन प्रसाद भैया के नेतृत्व में उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। एसोसिएशन ने जमशेदपुर के घाटशिला निवासी पीडीएस डीलर मृणाल कांति रजक की आत्महत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए इसे विभागीय लापरवाही का परिणाम बताया।संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले नौ महीनों से कमीशन का भुगतान नहीं होने के कारण मृतक आर्थिक संकट से गुजर रहे थे। इसी तनाव में उन्होंने 6 मई को आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। एसोसिएशन ने सरकार से मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा देने तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने की मांग की है।ज्ञापन में राज्यभर के करीब 25 हजार पीडीएस डीलरों का लंबित कमीशन अविलंब जारी करने की भी मांग उठाई गई, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों। वक्ताओं ने कहा कि लाभुकों की शिकायत पर डीलरों पर तुरंत कार्रवाई होती है, लेकिन डीलरों की समस्याओं पर विभाग गंभीर नहीं दिखता।इस दौरान प्रदेश मीडिया प्रभारी देव कुमार साव, सचिव अनिल कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्णा महतो, कोषाध्यक्ष रविंद्र नाथ मंडल, सैफुद्दीन अंसारी, ललित पंडित, कार्तिक दत्ता, सौरव मंडल, तरणी पोद्दार, सोहन राम, महेंद्र यादव, कृष्णा मुर्मू, सत्यनारायण तिबरीवाल, सोनू झा, अनिल शाह और सोमनाथ साधु समेत कई डीलर मौजूद रहे।

## मदर्स डे पर ड्रॉइंग और स्पीच प्रतियोगिता आयोजित, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**गोड्डा ।** मदर्स डे के अवसर पर स्थानी गांधी मैदान में जिला नेटबॉल संघ की ओर से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के बीच ड्राइंग एवं स्पीच प्रतियोगिता आयोजित कर उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता व वक्तृत्व कला का शानदार प्रदर्शन किया।स्पीच प्रतियोगिता के 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग में समर्थ बजाज ने प्रथम, अक्षत ने द्वितीय तथा आयुष पूर्व ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 11 से 15 वर्ष आयु वर्ग में छवि प्रथम, आराधना द्वितीय एवं अंकित तृतीय स्थान पर रहे। 15 से 20 वर्ष आयु वर्ग में अदिति सिंह ने प्रथम, जूही मुर्मू ने द्वितीय तथा कृष्ण ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं ड्राइंग प्रतियोगिता में फातिमा ने प्रथम, छवि ने द्वितीय और गार्गी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।मौके पर संघ सचिव गुंजन कुमार झा ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन किए जाते रहेंगे।कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका संघ की संरक्षक पूनम साह एवं संघ सदस्य इंतखाब आलम उर्फ राजू ने निभाई। इस अवसर पर नेटबॉल संघ के सभी सदस्यगण एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। वहीं विजेता बच्चों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## आंगनबाड़ी सेविका- सहायिकाओं ने की सरकारी कर्मचारी का दर्जा और ग्रेच्युटी देने की मांग



**महागामा ।** प्रखंड के हसन करहरया गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-2 में रविवार को झारखंड प्रदेश आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर चर्चा की तथा सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की बैठक में यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि गुजरात हाई कोर्ट के आदेश के अनुरूप आंगनबाड़ी कर्मियों को ग्रेच्युटी का लाभ दिया जाए। साथ ही सेवानिवृत्ति के समय पांच लाख रुपये की राशि सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। सेविकाओं ने मानदेय का आधा हिस्सा पेंशन के रूप में देने की भी मांग रखी बैठक के दौरान बीआईओ कार्य से मुक्त करने, एफआरएस व्यवस्था समाप्त करने तथा पोषाहार मद की राशि बाजार दर के अनुरूप उपलब्ध कराने की मांग की गई। सेविका-सहायिकाओं ने आंगनबाड़ी कर्मियों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने तथा महिला पर्यवेक्षिका पद पर वरीयता के आधार पर पदोन्नति देने की मांग भी उठाई। वक्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाओं से आईसीडीएस विभाग के अतिरिक्त अन्य कार्य नहीं लिया जाए, ताकि वे अपने विभागीय दायित्वों का बेहतर तरीके से निर्वहन कर सकें बैठक में प्रमंडलीय अध्यक्ष माला देवी, जलसहिया अध्यक्ष तमन्ना खातून, ग्रामीण अध्यक्ष अमृता ठाकुर, बसंतराय अध्यक्ष रेखा देवी, प्रदेश सचिव अनीसा बानू, जिला संयोजक जीच्छू दास, बीबी शाहिस्ता खातून एवं बीबी सोगरा खातून सहित बड़ी संख्या में सेविका-सहायिकाएं मौजूद थीं।

# मालदा जिले में बस और स्कॉर्पियो में भिड़ंत, राजमहल के एक युवक की मौत,चार घायल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**राजमहल**-साहिबगंज के राजमहल से अपनी बहन के बहुभोज में शामिल होने के लिए जा रहे एक युवक की मौत हो गई.जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गया. मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के मालदा-सिलीगुड़ी एनएच 12 फोरलेन सड़क पर मालदा जिला अंतर्गत गाजोल के समीप रविवार की रात स्कॉर्पियो व बस के बीच हुई आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई.हुई दुर्घटना में बहन के ससुराल बहूभोज में शामिल होने जा रहे राजमहल के 22 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई. दुर्घटना में स्कॉर्पियो में सवार चार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. जिनका इलाज चल रहा है. मृतक युवक की शिनाख्त राजमहल थाना क्षेत्र के बर्मन कॉलोनी निवासी देबू राजवंशी के 22 वर्षीय पुत्र दीपंकर राजवंशी के रूप में हुई है. दुर्घटना में स्कॉर्पियो बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. परिजनों को दीपंकर के मौत की सूचना मिलते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया.मिली जानकारी के अनुसार दीपंकर राजवंशी की बहन की शादी बीते सात मई को पश्चिम बंगाल के गंगारामपुर में हुई थी. 10 मई को गंगारामपुर में बहुभोज कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दीपांकर परिजनों व दोस्तों के साथ निकला था. दीपंकर के साथ स्कॉर्पियो में जय बर्मन उम्र 24 वर्ष , गणेश बर्मन उम्र 20 वर्ष , शक्ति बर्मन उम्र 18 वर्ष एवं अमित बर्मन उम्र 18 वर्ष पिता अशोक बर्मन सवार थें. रात में ही स्थानीय पुलिस ने सभी घायलों को गाजोल के अस्पताल में भर्ती कराया. सभी घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मालदा रेफर कर दिया गया. मालदा में पोस्टमार्टम के बाद शव को राजमहल पैतृक आवास लाने की प्रक्रिया चल रही थी. पूरे बर्मन कॉलोनी में मातम पसरा हुआ है. वही पुत्र की मौत के बाद माता-पिता व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है.लोग ढ़ाढस बंधाने में लगे है.

## पिता ने अपनी पुत्री के अपहरण किये जाने की प्राथमिकी दर्ज करायी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता राजमहल-राजमहल थाना क्षेत्र के रहने वाले एक पिता ने अपनी पुत्री का अपहरण किये जाने का आरोप लगाते हुए राजमहल थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है. पिता ने पुलिस को दिये आवेदन में बताया है कि बीते आठ मई की रात से उसकी पुत्री घर से गायब है.उनकी पुत्री उस दिन परिजनों के साथ पड़ोस में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिये गई थी.वापस लौटने पर पुत्री घर से नदारत थी. काफी खोजबीन करने पर भी उसका कोई सुराग नहीं मिला. मामले को लेकर थाना कांड संख्या 150/26 के तहत् प्राथमिकी दर्ज की गई है. पुलिस युवती की बरामदगी को लेकर संघन छापेमारी कर रही है.

## पुलिस ने तीन अभियुक्त के घर इश्तिहार चिपकाया

राजमहल -राजमहल थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेश के आलोक में सोमवार को तीन अप्राथमिकी अभियुक्तों के विरुद्ध इश्तिहार तामिला कराने की कार्रवाई की. राजमहल थाना कांड संख्या- 89/26 दिनांक 24/03/2026 धारा -310(2)/311 बीएनएस के अप्राथमिकी अभियुक्त कसवा पंचायत के काला पत्थर निवासी दिवाकर मंडल, काला पत्थर, कसवा निवासी चंदन मंडल एंव लालमाटी निवासी अमित दास के विरुद्ध न्यायालय से निर्गत इश्तिहार तामिला की कार्रवाई की. पुलिस ने अभियुक्तों के घर के मुख्य द्वार एवं विभिन्न चौक चौराहों में ढोल नगाड़ा बजाते हुए इश्तिहार चस्पा किया. मौके पर थाना प्रभारी हसनैन अंसारी, अन्य पुलिस पदाधिकारी गण व सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे.

## जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए सहिया पर पैसे लेने का लगाया आरोप, डीएस से की शिकायत

संताल एक्सप्रेस संवाददाता साहिबगंज- साहिबगंज सदर अस्पताल में सहिया के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर नवजात शिशु के अभिभावकों व उनके परिजन से अवैध पैसे की वसूली किये जाने का मामला प्रकाश में आया है.मामले को लेकर दुमका की रहने वाली महिला युक्ता भारती ने आरोप लगायी है कि सहिया को पैसे नहीं देने पर सहिया मरीज के डिस्चार्ज पेपर तक रख लेती है. महिला अपनी बच्ची की जन्म प्रमाण पत्र के लिए सदर अस्पताल की चक्कर काट रही है. लेकिन सहिया बिना पैसे लिए न ही महिला को बच्ची का जन्म प्रमाण पत्र दी है और न ही डिस्चार्ज पेपर दी है.महिला युक्ता भारती ने एक सहिया पर जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए 17 सौ रुपया मांगने का आरोप लगाते हुए कहा कि उसे सहिया बेवजह परेशान कर रही है. 27 अगस्त 2025 को महिला ने सदर अस्पताल में बच्ची को जन्म थी. महिला के अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद अस्पताल से डिस्चार्ज पेपर सहिया ले ली.मांगने पर कहती है कि जन्म प्रमाण पत्र बनाने में 17 सौ रुपए खर्च लगेगा. जिसमें सहिया को 1000 रूपया दे दी हूं. सहिया ने 700 रूपया की मांग और कर रही है.महिला का आरोप है कि ऑफिस में खर्च के नाम सहिया पैसे की मांग की है.पैसा नहीं देने पर अब तक उसे न ही जन्म प्रमाण पत्र मिला है.न ही डिस्चार्ज पेपर दी है. परेशान होकर महिला ने अस्पताल उपाधीक्षक डॉ देवेश कुमार को आवेदन देकर शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है. और अपने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र दिलवाने की बात कही है.इधर इस संबंध में सहिया से मोबाइल से बात करने पर बताई कि महिला युक्ता भारती से किसी पैसे का डिमांड नहीं की है. बल्कि जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए एफिडेविट व ऑफिस खर्च के लिए 700 मांगी है. बताई की 400 रूपया एफिडेविट बनाने में लगता है.और 100 रूपया एएनएम वेरीफाई करने का पैसा लेती है तथा 200 ऑफिस खर्च लगता है. मामला जो भी हो इस तरह के मामले पर विभाग के अधिकारियों को हर हाल में अंकुश लगाने की जरूरत है. ताकि आम जनता को राहत मिल सके.


**ट्रेनको जिराउ**

जोड़ावाक् आर सुधराउ साकाम

दक्षिण पूर्व रेलवे रेयाक् बिलासपुर मंडल रे प्री-नॉन इंटरलॉकिंग/नॉन इंटरलॉकिंग/पोस्ट-नॉन इंटरलॉकिंग कामी खातिर ते **ट्रेनको जिराउ बाबोत** रे, माड़ाङ रे छापावाकान बोहोक् जुतुमान विज्ञापन बाबोत रे, नोआ बाडाय ओचोयेत्कोआ जे माड़ाङ रेयाक् जिराउ छाडा, **13287** दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस (सांगार एहोब तारीक 12.06.2026 खोन 16.06.2026 हाबिच्) आर **13288** आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस (सांगार एहोब तारीक माहित 10.06.2026 खोन 14.06.2026 हाबिच्) ट्रेन हों जिराउ गे ताहेंना आर 17008 दरभंगा-चर्लापल्ली एक्सप्रेस ट्रेन आर माड़ाङ रे निट आकात् तारीक मेताक्मे (सांगार एहोब तारीक) 09.06.2026 आर 12.06.2026 बोदोल ते **(सांगार एहोब तारीक) 12.06.2026 आर 16.06.2026** हिलोक् जिराउ गे ताहेंना। एमानतेयाक् जोतो बातलावको दो एनका गे ताहेंना।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक।**

पूर्व रेलवे



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,दुमका (814101)**

**(rdsddumka1@gmail.com)**

—: रद्द सूचना :—

इस कार्यालय के पत्रांक 331 दिनांक 23.03.2026 द्वारा निर्गत निविदा आंमत्रित सूचना संख्या- **RDSD/DMK/UNTIED/38/2025-26** जिसका PR 375891 Rural work Department (25-26)#D को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,दुमका

PR 379513 Rural Work Department(26-27).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**

**लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल, दुमका शिविर देवघर**

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– **WRD/M.I.D.D.D.C/DEOGHAR/DEOGHAR/F₂-02/2026-27, Dated :- 24/04/26** – जिसका Pr.No. 378358 Water Resource (26-27)_D, द्वारा दिनांक 25.04.2026 को विभिन्न सामाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया है। उक्त निविदा आमंत्रण सूचना में योजना क्रमांक 5 – **"समला बहियार मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, प्रखण्ड–मधुपुर"** को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है। शेष सभी सूचनाऐं पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई रूपांकण प्रमण्डल,
दुमका शिविर देवघर

PR 379448 Water Resource(26-27)#D



**कार्यालय गिरिडीह नगर निगम**

**Email id(giridihmunicipalcorporation@gmail.com)**

**शुद्धि-पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के ज्ञापांक 379/यो0 दिनांक 29.04.2026 द्वारा प्रकाशित निविदा पी0आर0नं0 378798(Urban Development) 26-27(D) निविदा सं0 UDD/GMC/VI/02/2026-27 योजना वार्ड नं0 28 में अर्बन हेल्थ वेलनेश सेन्टर का जीर्णोद्धार कार्य को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

अन्य शर्त यथावत् रहेंगे।

उप नगर आयुक्त,
गिरिडीह नगर निगम

PR 379460 Urban Development(26-27)#D


## एकजुट होकर जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरतः सुनील सोरेन




**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज-भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के आह्वान पर पूरे देश में भाजपा के संगठनात्मक मजबूती के लिउ प्रत्येक माह की 1 से 15 तारीख तक जिला स्तर पर बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है.इसी क्रम में सोमवार को साहिबगंज मुख्यालय में भाजपा साहिबगंज जिला की बैठक जिला अध्यक्ष गौतम कुमार यादव की अध्यक्षता में हुई.बैठक में संगठन के सुदृढ़ीकरण,आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई.बैठक की संचालन जिला महामंत्री सलखु सोरेन एवं धन्यवाद ज्ञापन नगर अध्यक्ष बी चौधरी ने किया.बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया गया.इस अवसर पर प्रभारी के रूप में दुमका के पूर्व सांसद सह प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे.श्री सोरेन ने मौजूद पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा की कार्यकर्ता किसी भी पार्टी का रीढ़ होता है.हम सभी को एकजुट होकर जमीनी स्तर पर काम करने की जरूरत है.श्री सोरेन ने आगामी सभी कार्यक्रमो में मजबूती के साथ करने के लिए प्रेरित किया.मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कृपानाथ मंडल,धर्मेन्द्र कुमार,पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर सिंह,प्रदीप अग्रवाल,रामदरश यादव,उज्जवल मंडल,पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष रामानंद साह,जिला उपाध्यक्ष सोनेलाल ठाकुर,खगेंद्र साह,रमिता तिवारी,जिला मंत्री चांदनी देवी,सागर मंडल,अजय चौधरी,उषा भारती,जिला कार्यालय मंत्री गौतम पंडित,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र मंडल,सभी मंडल अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## आठवें दिन जारी रहा शेरशाहबादी समाज का महाधरना, समाधान नहीं मिलने से बढ़ी नाराजगी

बरहरवा-शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में चल रहा अनिश्चितकालीन महाधरना सोमवार को आठवें दिन भी जारी रहा.लगातार आठ दिनों से धरनास्थल पर डटे समुदाय के लोगों में प्रशासन की उदासीनता को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही है.धरना स्थल पर आज भी बड़ी संख्या में छात्र,युवा और बुजुर्ग मौजूद थे.आंदोलनकारियों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द समाधान की मांग की.आंदोलनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले एक दशक से बार ज्ञापन सौंपने,वार्ता करने और शांतिपूर्ण आंदोलन के बावजूद प्रशासन कोई ठोस पहल नहीं कर रहा है.समुदाय के लोगों का कहना है कि जब तक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने को लेकर स्पष्ट निर्णय नहीं लिया जाता तब तक आंदोलन जारी रहेगा.मो.अजमाइल ने कहा कि प्रशासन तकनीकी कारणों का हवाला देकर मामले को टालने का प्रयास कर रहा है.जबकि बिहार और पश्चिम बंगाल में स्थानीय जांच के आधार पर शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है.झारखंड में भी वर्ष 2012 तक इसी प्रक्रिया के तहत प्रमाण पत्र निर्गत किया जाता था.यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा.समाज उग्र आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे और इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी. समाज के सम्मान,पहचान और आने वाली पीढ़ियों के भविष्य की लड़ाई है.

## मेरा युवा भारत साहिबगंज ने किया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन

साहिबगंज -युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा उत्क्रमित नगरपालिका कन्या उच्च विद्यालय साहिबगंज में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया. कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रभारी प्राचार्य प्रदीप कुमार मोदी,शिक्षक अनिकेत कुमार, कविता कुमारी व प्रिया कुमारी उपस्थित थे.मेरा युवा भारत के सदस्य चंदन कुमार और कौशर अंसारी के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया. प्रदीप कुमार मोदी ने बताया कि भारत में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस 11 मई को मनाया जा रहा है. जो 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों (ऑपरेशन शक्ति) की याद में भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों को समर्पित है. इस वर्ष यह दिन जिम्मेदार नवाचार, एआई, अंतरिक्ष विज्ञान और डिजिटल उपकरणों के माध्यम से समावेशी विकास पर केंद्रित है.अनिकेत कुमार ने बताया कि एआई का फुल फॉर्म आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है.इसे हिंदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता कहा जाता है. या कृत्रिम बुद्धिमत्ता कंप्यूटर साइंस की वह शाखा है जो मशीनों को इंसानों की तरह सोचने, सीखने, समस्या सुलझाने और निर्णय लेने में सक्षम बनाती है.यह तकनीक डेटा का विश्लेषण करके पैटर्न पहचानती है और अपने अनुभवों से लगातार बेहतर होती है.एआई का उद्देश्य रोबोटिक्स, स्पीच रिकॉग्निशन, और रचनात्मक कार्यों के लिए मानव बुद्धिमत्ता का अनुकरण करना है।मो कौशर अंसारी ने चैटबॉट ChatGPT, Google Gemini, जो इंसानी भाषा समझकर जवाब लिखते हैं.वर्चुअल असिस्टेंट Apple Siri, Amazon Ale&a, Google Assistant जो आवाज से कमांड फॉलो करते हैं.

## आलमगीर आलम को जमानत मिलने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

बरहरवा-झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को सर्वोच्च न्यायालय से जमानत मिलने की सूचना मिलते ही बरहरवा प्रखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच खुशी की लहर दौड़ गई. इस अवसर पर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय बरहरवा में जिला अध्यक्ष बरकत खान के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर तथा पटाखे फोड़कर अपनी खुशी का इजहार किया.

कार्यकर्ताओं ने आलमगीर आलम जिंदाबाद,कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए. कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखा फोड़कर खुशी मनाई. इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि आज का दिन कांग्रेस परिवार के लिए ऐतिहासिक दिन है.सच की जीत हुई है. सर्वोच्च न्यायालय ने आलमगीर आलम को जमानत देकर न्याय की जीत पर मुहर लगाई है.उन्होने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है पर पराजित नहीं. आलमगीर साहब ने हमेशा गरीब, मजलूम और अल्पसंख्यकों की हम न्यायपालिका का आभार व्यक्त करते हैं और विश्वास दिलाते हैं कि आलमगीर साहब के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी जनता के हक की लड़ाई और मजबूती से लड़ेगी. विरोधियों ने जो साजिश रची थी. जनता अब उसका जवाब देगी.

उन्होंने आगे कहा कि बरहरवा प्रखंड से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता रांची कूच करने की तैयारी में हैं तथा आलमगीर आलम साहब के रांची आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा.मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी कमल आर्य, मो. नसीरुद्दीन, गुलाम रब्बानी, इफ्तेखार आलम, प्रखंड अध्यक्ष

रंजीत टुडू, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास, नगर अध्यक्ष मनोज घोष, भोलानाथ महतो, अनंतलाल भगत, छोटेलाल रमानी, मिथुन मंडल, नितय सरकार, नेहाल अख्तर, थॉमस रॉबर्ट, विष्णु मॉल, सत्यम यादव, प्रकाश साहा, राजू, संतोष राम, मुन्ना यादव, नईम, तकरीज, शरिक रब्बानी, तैयब, रॉबी, अजगर अली, रब्बन शेख, आलमगीर मंसूरी, ओबेदुर रहमान सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की रिहाई पर जमकर हुई आतिशबाजी

साहिबगंज-पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को सर्वोच्च न्यायालय से जमानत मिलने की खबर मिलते ही साहिबगंज शहर के विभिन्न मोहल्लों में जश्न का माहौल देखने को मिला.समर्थकों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया. पूर्व यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष एखलाक नदीम ने कहा कि पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की रिहाई के बाद पूरे जिले में उत्साह का माहौल है.खासकर शहर के विभिन्न मोहल्लों में लोगों ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर अपनी खुशी जाहिर की है.

## रेलवे सुरक्षा बल ने नाबालिग बालिका का किया रेस्क्यू

साहिबगंज- यात्रियों की सुरक्षा, बच्चों के संरक्षण तथा रेलवे परिसरों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत् मालदा मंडल की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा विभिन्न स्टेशनों एवं ट्रेनों में नियमित निगरानी एवं विशेष अभियान निरंतर संचालित किए जा रहे हैं.यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा आशिम कुमार कुल्लू, मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल मालदा के पर्यवेक्षण में संचालित किए जा रहे हैं. जहां 10 मई को बड़हरवा रेलवे स्टेशन पर नियमित जांच के दौरान रेलवे सुरक्षा बल बरहरवा द्वारा 14 वर्षीय एक नाबालिग बालिका का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया. उक्त बालिका प्लेटफॉर्म संख्या दो पर अकेली घूमती हुई पाई गई. पूछताछ के दौरान उसने बताया कि पारिवारिक विवाद के कारण वह घर छोड़कर चली गई थी तथा अनजाने में गलत ट्रेन में सवार हो गई थी. बालिका को सुरक्षित रूप से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट बरहरवा लाया गया. जहां तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित किया गया. आवश्यक काउंसलिंग एवं सभी विधिक औपचारिकताओं की पूर्ति के उपरांत बालिका को आगे की देखभाल एवं पुनर्वास हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन प्रतिनिधियों को सुपुर्द कर दिया गया.यह सफल अभियान यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, संवेदनशील एवं असहाय व्यक्तियों के संरक्षण तथा रेलवे परिसरों में अवैध गतिविधियों की रोकथाम के प्रति मालदा मंडल की रेलवे सुरक्षा बल की सतत सतर्कता एवं प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं.

## सकरीगली मदनशाही जर्जर सड़क की क्रशर संचालकों ने करायी मरम्मत

**संताल एक्सप्रेस साहिबगंज।** जिला मुख्यालय से महजतीन चार किलोमीटर दूरी पर सकरीगली मदनशाही एनएच 80 सड़क का हाल इन दिनों काफी जर्जर हो चुका है.जहां इस सड़क पर बरसात का पानी जमने से पैदल राहगीरों समेत वाहन चालकों को कई दिक्कतों का सामना पिछले कई दिनों से करना पड़ रहा था.डीसी दीपक कुमार दुबे समेत अन्य अधिकारी जब बीते शनिवार को सकरीगली बंदरगाह का निरीक्षण करने के लिए अपने वाहन व पूरे काफिले के साथ जा रहे थे तो जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों समेत अन्य अधिकारियों ने मदनशाही एनएच 80 मुख्य सड़क का दुर्दशा देखे.जहां उन्होंने पाया कि सड़क जर्जर होने के कारण पैदल राहगीरों समेत अन्य छोटे बड़े वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करते हुए अपनी यात्रा जान जोखिम में डालकर पूरी करनी पड़ रही है. उन्होंने इस जर्जर सड़क को तत्काल मोटरेबल करने के लिए पत्थर उद्योग से जुड़े क्रेशर संचालकों को निर्देश दिया कि तत्काल सड़क पर जमे पानी को बाहर निकाल कर उसे समतलीकरण करते हुए आवाजाही करने लायक बनाया जाएं ताकि आम राहगीरों समेत अन्य वाहन चालकों को कोई दिक्कत न हो.सोमवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर क्रेशर संचालक दिनेश यादव,आलोक रंजन, शाहीद,रबीउल एवं बास्की यादव ने सकरीगली मदनशाही जर्जर सडक पर अपने खर्चे पर डस्ट गिरवाकर उसे जेसीबी मशीन की सहायता से समतलीकरण करते हुए चलने लायक बनाया है.

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया



**साहिबगंज ।** पूर्व मंत्री आलमगीर आलम को आज सर्वोच्च न्यायालय से जमानत मिलने की सूचना मिलते ही पूरे झारखंड प्रदेश में कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई. साहिबगंज जिला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाना शुरू कर दिया. जिला कांग्रेस कार्यलय साहिबगंज में जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं पटाखा फोड़कर खुशी का इजहार किया. इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने आलमगीर आलम , कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद ,सत्यमेव जयते के गगनभेदी नारे लगाए. पूरा कार्यालय परिसर कार्यकर्ताओं नारों और पटाखों की आवाज से गूंज उठा.मौके पर जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि आज का दिन कांग्रेस परिवार के लिए ऐतिहासिक है. सर्वोच्च न्यायालय ने आलमगीर आलम को जमानत देकर न्याय की जीत पर मुहर लगाई है.

## बरहेट प्रखंड की कई पंचायतों में झामुमो ने गठित की बूथ कमिटी, संगठन मजबूती पर जोर

**बरहेट/साहिबगंज ।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से लगातार पंचायतों में बूथ कमिटी गठन अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में सोमवार को बरहेट प्रखंड क्षेत्र के गोपलाडीह, कदमा, तलबड़िया, भोगनाडीह, डोराई संथाली, लबरी, सीमड़ा, हिरणपुर, सीमलढाब एवं बोड़बांध पंचायतों में झामुमो पंचायत कमिटी की ओर से बैठक आयोजित कर बूथ कमिटी का गठन किया गया.बैठक के दौरान विभिन्न पंचायतों के बूथों पर पर्यवेक्षकों की देखरेख में कमिटी का गठन किया गया. इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि संजीव सामू हेंब्रम, पंचायत अध्यक्ष देवीलाल तुरी, सचिव जलालुद्दीन अंसारी, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान, लुखीराम हेंब्रम, सुनिराम हांसदा, शमीम अंसारी, एजाज अंसारी, उपप्रमुख रुपक साह, अब्दुल मजीद, छवि हेंब्रम, समदा सोरेन, पप्पू भगत, संजय सोरेन एवं आरिफ अंसारी मौजूद रहे.वहीं हिरणपुर पंचायत के विभिन्न बूथों पर झामुमो युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मो. अली एवं जिला परिषद सदस्य जेठा मुर्मू की देखरेख में बूथ कमिटी का गठन किया गया.मौके पर राजेश बेसरा, आवाजुद्दीन अंसारी, शिव किस्कू, समाउन अंसारी, बेरेन सोरेन, रंजन साहा, सामयल मुर्मू, मांझी हेंब्रम सहित बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित थे.

## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बरहरवा।** बरहरवा थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव में सोमवार को बोआरीजोर एवं बरहरवा थाना पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाकर एक फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चस्पाया किया. यह कार्रवाई न्यायालय के निर्देश पर की गई.प्राप्त जानकारी के अनुसार बोआरीजोर थाना कांड संख्या 31/2025 में भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 317(5)/3(5), झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005 की विभिन्न धाराओं, पशु परिरक्षण नियम 1978 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत मामला दर्ज किया गया है. इस मामले में बरहरवा थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी याकूब शेख, पिता गयासुद्दीन शेख को अभियुक्त बनाया गया है.पुलिस के अनुसार अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा है. कई बार गिरफ्तारी के प्रयास के बावजूद उसके नहीं मिलने पर न्यायालय द्वारा उसके विरुद्ध इश्तेहार जारी किया गया. इसी आदेश के आलोक में सोमवार को पुलिस टीम ने उसके घर पहुंचकर विधिवत इश्तेहार तामिला किया.बताया गया कि इस संबंध में न्यायालय से बरहरवा थाना को आधिकारिक पत्र प्राप्त हुआ था. जिसमें अभियुक्त के विरुद्ध इश्तेहार तामिला सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया था. ताकि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा सके.कार्रवाई के दौरान बोआरीजोर थाना के एएसआई संतोष साहा, बरहरवा थाना के एएसआई रफीक अंसारी सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे.

## डिभाईन क्लासेस में विद्यार्थी सम्मानित



**साहिबगंज।** साहिबगंज डिवाइन क्लासेस कोचिंग सेंटर परिवार के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में डिवाइन क्लासेस के डायरेक्टर राजेश कुमार के द्वारा जैक बोर्ड के 10 वीं एवं 12वीं साइंस के सफलता छात्रों को मेडल देकर पुरस्कृत किया. साथी उज्जवल भविष्य की कामना की. मौके पर डायरेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि हमारे संस्थान में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं हर एक वर्ष बेहतर रिजल्ट लाते हैं. इस बार भी 12वीं साइंस में हमारे संस्थान के छात्र सौरभ कुमार ने जिला टॉप 10 में जगह बनाई है. साथ ही मैट्रिक व 12वीं साइंस में हमारे संस्थान में पढ़ने वाले सभी बच्चे प्रथम स्थान से सफल रहे.मौके पर डिभाईन क्लासेस के डायरेक्टर राजेश सर , रोहित सर,बलवीर सर, सौरभ कुमार,कुंदन कुमार, शहबाज आलम , मुन्ना कुमार,मनारूल,सोनू कुमार,धोनी ,संजय कुमार, मोहन कुमार,सन्नी कुमार, गौतम कुमार,त्रिलोकी कुमार मौजूद थे.


**पाकुड़ समाहरणालय**
**जिला बाल संरक्षण इकाई**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**विकास भवन, समाहरणालय परिसर**
**E-mail-ID-dcpspakur@gmail.com**

विज्ञापन संख्या–02/2026

**लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम (POCSO), 2012 एवं नियम 2020 के अंतर्गत सहायक व्यक्ति (Support Person) की सेवा लेने हेतु पैनल निर्माण के लिए जिला स्तर पर प्रति केस शुल्क आधारित चयन संबंधी सूचना :–**

सरकार के सचिव, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, झारखण्ड राँची के अधिसूचना संख्या 2685, राँची/दिनांक–24.10.2024 एंव अधिसूचना संख्या –124, राँची/दिनांक–15.01.2026 के आलोक में जिला बाल संरक्षण इकाई, पाकुड़ अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (POCSO), 2012 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण नियमावली 2020 के तहत् बच्चों को मनोवैज्ञानिक एवं आवश्यक सहयोग हेतु सहायक व्यक्ति (Support Person) का Pannel निर्माण हेतु इच्छुक अनुभवी एवं योग्य अभ्यर्थियों के लिए इस कार्यालय के ज्ञापांक–126/बा०सं०, पाकुड़, दिनांक–01.04.2025 के तहत विज्ञापन संख्या– PR 376609 (Pakur) 26-27(D) के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित की गयी थी। आवेदित पद हेतु प्रकाशित विज्ञापन के तहत निबंधित/स्पीडपोस्ट/कुरियर डाक के माध्यम से प्राप्त आवेदन की संवीक्षा (स्क्रूटनी) के पश्चात् सभी आवेदकों की सूची तैयार करने के उपरांत जिले के अधिकारिक वेवसाइट– **www.pakur.nic.in** पर प्रकाशित/अपलोड किया गया है। प्रारम्भिक सूची में यदि कोई टंकण त्रुटि या अन्तर होने की स्थिति में दावा/आपत्ति के तहत् सुधार एवं निराकरण हेतु दिनांक–.12/05/2026 से 19/05/2026 .तक कार्यालय अवधि में अपराह्न 3:00 बजे तक **जिला बाल संरक्षण इकाई, समाजिक सुरक्षा कोशांग कार्यालय, पाकुड़ समाहरणालय** में मूल दस्तावेज/कागजात (छायाप्रति अस्वीकार्य होगा) के साथ आवेदक स्वयं उपस्थित होकर दावा/आपत्ति दर्ज करा सकते है। अन्य किसी भी माध्यम, यथा – ई–मेल, डाक, मोबाईल इत्यादि से भेजा गया दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं होगा। साथ ही, उपरोक्त निर्धारित समय–सीमा के उपरांत किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग,पाकुड

PR 379500 (Women, Child Development & Social Security)26-27*D

# देला देला स्कूल ते



**मान नायकी सोरेन 'सदाबहार'**
**सहायक शिक्षक**

देला देला स्कूल ते, देला देला स्कूल।
ओकोय गिदरा लाहारे स्कूले हिजुक्आ।।
स्कूल रे उनीय ञामा फ्री ते, किताब कूपी कोलोम,
देला देला स्कूल ते, देला देला स्कूल।।
स्कूल हिजुक्मे बिगयानेम चेदा,
हिसाब बाकी गणित, आरहोंम चेदा जीके।
चेदाम खिलाड, आरहों योगा।।
आँञ्जोमपे हाडामबा-बुदीगो आर गोगो-बाबाताको,
गिदरा दो सारकारी स्कूल रेगे पाड़हाव ओचोकोपे,
नोन्डेको चेदा आरी चाली सागुन जोहार आर बुद आकिल,
देला देला स्कूल ते, देला देला स्कूल।।
राज हिलाक् ओकोय गिदराय हिजुक्आ स्कूल,
उनीये ञामा फ्री ते किचरीच् आर टाका,
आर सोंगेते तिकिन ओकते दाल उतू दाका,
देला देला स्कूल ते, देला देला स्कूल।।
स्कूल रे दो गिदराकोवाक् निरोला दिसा,
सोमबार सोकाल बेले, जो ञामोक् ताहेन ताको हिसा।
देला देला स्कूल ते, देला देला स्कूल।।
स्कूल रे दो मेनाक् पोरोजेक्ट इ पैक्ट,
ओनाते चेदमे नावां नावां गाखुड़ोक् सिखनात,
आरे ञेल ओचोमेया जिन्दगी रेयाक् होर,
ओनारे ताड़ाम काते, बेनावक्मे लाटू होड़,
देला देला स्कूल ते, देला देला स्कूल।।
देला नोआ निट काथाबोन दोहड़ाया,
दिसाम लागित् दायिक कामीबोन पुरावा,
मिमित् गिदरा स्कूलबोन कोलकोआ,
देला देला स्कूल ते, देला देला स्कूल।।

# चंबा रे खांदरी घाडलाक् रे ञुर एना कार, 6 होड़को गोच् एना, पोनया घाल

**खोबोरिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश रेयाक् चंबा-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग रे ओतेमाहां हिलोक् सेताक् सोड़ोक घोटना रे तुरूई होड़कोगोच् एना, आर से नोते आर पोनया दो काजाकको घाल आकाना। घोटना दो तुनुहट्टी टोठा रेयाक् काकीरा घार ठेन ञिन्दामोटामुटी 3 बजे होय आकाना, तिन दो धर्मशाला खोन डलहौजी सेच् चालाक् मित्टेन टैक्सी इनोवां बाङ सामड़ावलेन ते बानाडाय लेकातेगाडी रे मोट गेल होड़को देच् आकान ताहेंकाना। नोआ रेजासतीकायते गुजरात ञेञेल होड़को लायेत्कोआ। घोटना ओकते टोठा रे झोमोर-झोमोरे दाक्एत्कान ताहेंकाना, ओना खातिरते सोड़ोक रे लेंजेत्कान ताहेंकाना। नोङ्का दिगधाको लायेत्काना जे दाक् आर लेंजेत् डाहार गे ओजे दो होय दाड़ेयाक्आ।घोटना रेयाक् साडे आंजोम काते तुरंत गे पुलिस आर प्रशासनकोखोबोरात्कोआ। ओना तायोम पुलिस, प्रशासन आर बाबांचाव दोलओन्डेको सेटेरेना आर ञुत आर दाक् ताला रे बाबांचाव कामीकोएहोप् केदा। आडी कुरूमुटू तायोम घालाकान होड़ आर गोच्होड़मो खांदरी सोड़ोक् खोनको ओडोङ केदा। घालाकान होड़ दो एतोहोप् रान-मुरगान तायोम मुसकिल हालोत खातिर ते मेडिकलकॉलेज टांडा तेको रेफर केत्कोआ। गोत्एन होड़ाक् पाछनाव कामी तोंगे गेया। लायागोक् काना जे बाड़िच् आकान गाडी दोमंडी नंबर रेयाक् टैक्सी इनोवा ताहेंकाना। एसपी दोय लाई केदा जेविजय कुमार सकलानी दोय मेन केदा जे पुलिस दो मामला ओल राकाप्काते घोटना रेयाक् ओजेको जांचेत् काना। प्रशासन सेच् खोन गोच् होड़ आर घालाकान होड़ रेन ओड़ाक् होड़ खोबोर एमावाको रेयाक् कामी होंको एहोप् कादाक्आ।



खांदरी सोड़ोक् रेय ञुर एना। मीडिया रिपोर्ट लेकाते एतोहोप्

**पूर्व मध्य रेल**

**सुधराउ साकाम**

सुधराउ साकाम सं. डब्लयु 584/ई-टेंडरिंग/21, **22-DHN-26-27,** धनबाद, तारिकः 08.05.2026 (1) नोआ आरहों बाडाय ओचोयेत्को काना जे ई-ठिका सं. **21-DHN-2026-27** तारिक 28.04.2026 रे ठिका लागत टाका **रू** 6,60,36,751.43 बोदोल रे रू **6,59,99,105.52** टाका पाड़हाव होयोक् मा।
(2) नोआ आरहों बाडाय ओचोयेत्कोआ जे ई-ठिका सं. **22-DHN-2026-27** तारिक 28.04.2026 रे ठिका लागत रेयाक् टाका रू 4,83,96,028 बोदोल रे टाका **रू 4,83,96,028**.14 पाड़हाव होयोक् मा।
ई-ठिका सं. **21-DHN-26-27** आर **22-DHN-26-27** तारिक 28.04.2026 रे दारसाव आकान एटाक् विवोरोन, नियाम आर शर्तको रे जाहांनाक् बाङ बोनोदोलोक्आ।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/
पूमरे/धनबाद

पीआर/0204/डीएचएन/अभि./सी/26-27/24

# बारियातको देच् पेरेच्कान ताहेंन पिकअप गाडी बाङ सामबड़ाव लेन ते उलटावेना, बार होड़किन गोच् एना



**खोबोरिया**

**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला रेयाक् मनोहरपुर थाना टोठा रेयाक् उंधन आतो सोर रे ओतेमाहां हिलोक् मित्टेन सोड़ोक घोटना रे बारया जुवानकिन गोच् एना, नोते तुरूई होड़ दो गाहिर रूप तेको घालेना। घोटना दो उन सोमोय होयेन तिन रे बारियात खोनरूवाड़ोक्कान ताहेंन बारियातको देच् पेरेच् आकान ताहेंनमित्टेन पिकअप गाडी बाङ सामबाड़ाव लेन ते उलटावेना। घोटना तायोम टोठा रे होड़ दोको आंद-मांदावेना आर आतो होड़ दोओन्डेको जारवायेना। गोच्एन होड़ाक् पाछनाव दो बारंगा आतो रेन गिराबासी रोहन गोप (12) आर गोपीपुर आतो रेन गिराबासी दशरथ सरदर (25) ताकिन रूप रे होय आकाना। नोते घोटना रेको घालाकान होड़ दो गोपीपुरा रेन सूरज महतो (22), शिशुपाल मोदी (26), राहुल गोप, बारंगा आतो रेन गोपी मोदी, सौरभ लोहार आरमेदासाई आतो रे गिराबासी सुरेश गोप ताको सेलेत् मेनाक्कोआ। जोतो घालाकान होड़ दो टोठाकिया रेन होड़ाक् गोड़ो ते उसारा ते मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेको इदीकेत्कोआ, ओन्डे उनकोवाक् रान-मुरगान तायोम गाहिर रूप तेको घालाकानथोड़ा होड़ दो मोज रान मुरगान आचोको लागित् तेको रेफरकेत्कोआ। बाडाय ञाम आकान लेका रे पिकअप गाडी (जेएच-06 सी/7345)दो बारंगा आतो खोन आनंदपुर प्रखंड रेयाक् समीज आतोतेको चालाव लेन ताहेंना। ओन्डे खोन बिदाकेत्को तायोम जोतो होड़ गे ढेर ञिन्दा सेच्को रूवाड़ोक्कान ताहेंना। लायेत् कानाको जे गाडी रे बारियाको सांव ते साउंड सिस्टम होंको लादेवाकात् ताहेंना, ओना इयाते बाङ सामबड़ाव लेन ते उलटावेनाको लायेत् काना।खोबोरको ञामकेत् रे मनोहरपुर थाना पुलिस दो घोटना जायगारेको सेटेरेना आर उलटावेन गाडी आकोवाक् गोबोल रे दोहो कोतेत् जाँचको धुरावेना।

## हाई टेंशन तार चापोट रेय झारकावेन नाबालिग दो रानेकान ताक रेय बेण्डावेना



**खोबोरिया**

**पूर्वी सिंहभूम।** टाटानगर रेलवे स्टेशन रेयाक् प्लेटफार्म नंबर 3रे मोड़ें दिन लाहा होयेन घोटोना रे गाहिर रूप तेय झारकावेन मित्टेन नाबालिग दो सोमवार हिलोक् रानेकान ताक रेय बेण्डाव एना।उनी महात्मा गांधी मेमोरियल एमजीएम अस्पताल रेयाक् बर्न वार्ड रेभारतीए ताहेंकाना, जाहां डॉक्टराक् निगरानी रे उनीको रानेकोनताहेंना। चाहे, होड़मो रेयाक् माराङ हिसा लोयेन खातिर उनीयाक्हालोत लागातार गाहिर बेनाव लेना। लायेत् कानाको जे नाबालिग प्लेटफॉर्म रे तेंगोवाकान मालगाडी चेतान रे देच् लेना। नोआ ओकते उनी दो चेतान तेय पारोमोक् हाई टेंशन ओवरहेड बिजली तार चापोट रेय पाड़ाव एना। आडीए करेंटेन सांवते पुरावे झारकावएना। घोटोना तायोम टोठारिया होड़ आर रेल कामियाकोवाक्गोड़ों ते तुरांत गे हासपाताल तेको इदी लेदेया। सोमवार हिलोक् रानेकान ओकते रेय गोच् एना। अस्पताल प्रबंधन रेयाक् सूचना रे टाटानगर रेल पुलिस दो मांड़ीं पोस्टमार्टम लागित्को कोल आकादा। पुलिस दो गोच्एन होड़ पाछनावे आर ओवारास सेंदराको रेको धुराउ आकाना।

# तेलुगु अभिनेता भरत कांत सोड़ोक एक्सिडेंट रेय गोच् एना

**खोबोरिया**


**हैदराबाद।** तेलुगु अभिनेता भारत कांत दो हैदराबाद रे होयेन सोड़ोक घोटना रेय गोच् एना। घोटना ओकते उनी सालाक् तेसिनेमैटोग्राफर जी साई त्रिलोक होंय ताहेंकाना। नोआ घोटना रे उनी होंय गोच् एना। पुलिस दो नोआ काथाको पुस्टाउ आकादा। पुलिसाक् लाई लेकाते, नोआ घोटना दो हैदराबाद रेयाक् आउटर रिंग रोड रे आदिबतला पुलिस थाना टोठा रे होय आकाना। एग्जिट 12ठेन अभिनेतावाक् कार आर मित्टेन ट्रक सोंगे आडी मुरूक ठोकोरेना, नोआ रे 31 बोछोर रेन भरत कांत आर जी साईत्रिलोक दो ओन्डे गेकिन गोच् एना। भरत दो मूल रूप ते दो नेल्लोर रेन ताहेंनोक्इच्ए ताहेंकाना। उनीदो मित् अभिनेता सांव-सांवते डांसर आर कंटेंट क्रिएटर होंयताहेंकाना। उनी दो साल 2021 रे निर्देशक चेन्ना नारायणाक् फिल्म ग्रागम खोन एक्टिंग दोय एहोप् केदा। उनी दो साल 2024 रे टेनेंट रेय ञेल लेना।



# बारया बाइक ठोकोरेन रेकिन घालेना बार होड़

**खोबोरिया**

**लिट्टीपाड़ा।** थाना टोठा रेयाक् दुमका-पाकुड़ आसोल सोड़ोक शिशु मंदिर विद्यालय सोर रे ओतेमाहां हिलोक् बारया बाईक आमने-सामनेखोन ठोकोरेन रे बाइक चाक्लाविच् दो आडी काजाकिन घालेना। ञाम आकान खोबोर लेकाते लिट्टीपाड़ा थाना टोठा रेयाक् मोहनपुर ातो रेन गिराबासी फिलिसन मुर्मू 30 बोछोर दो लिट्टीपाड़ा रेयाक् हापताकिया हाट खोन आपनार ओड़ाक् तेय चालाक्कान ताहेंकाना उनओकते गे सामाङ सेच् खोन हिजुक्कान ताहेंन सूरजबेडा आतो रेन गिराबासी प्रेमनाथ हांसदा उमार 20 बोछोराक् बाईक दो शिशु मंदिर सोर रे आमने-सामने खोन ठोकोरेना ओनका रे बानार बाइक चाक्लाकिनकिन घालेना। होर ते चालाक् होड़ नोआ रेयाक् खोबोर लिट्टीपाड़ा पुलिसको एमात्कोआ। खोबोर ञाम सांवते पुलिस दोघोटना जायगा ते सेटेर काते उनकिन घालाकान होड़ दो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लिट्टीपाड़ा तेको इदि केत्किना, ओन्डे चिकित्सा प्रभारी डॉ मुकेश बेसराय रान बाड़ाकेत्किना ओना तायोम पाकुड़ तेकोरेफर केत्किना। डॉ. बेसरा दोय लाई केदा जे फिलिसन मुर्मूवाक् जांगा आर प्रेमनाथाक् ती रापुत् आकाना। ओनाते उनकिन दोको रेफर केत्किना। सांवते पुलिस गे बानार बाईक हाजोत काते छानबीनरेको लागावेना।



# पलामू रेयाक् पंडवा रे रेलकामियावाक् ओड़ाक् खोन लाख टाका रेयाक्को कोमबड़ो केदा

**खोबोरिया**

**पलामू।** जिला रेयाक् पंडवा थाना टोठा रेयाक् गाड़ीखास आतो रे कोमबड़ो रेयाक् माराङ घोटोना सामाङ हेच् आकाना। कोमबड़ो दोमित्टेन रेलकामियावाक् ओड़ाक् दियाल ला भुगाक् काते पासेच्8 लाख टाका रेयाक् होरोक्आक् आर पोयसाको कोमबड़ो केदा।घोटोना ते पुराउ इलाका रे बोतोर माहौल मेनाक्आ। दुखालीरेलकामिया रेन आपात बीरबल मेहता दो सोमवार हिलोक् पंडवा थानारे आरदास एमकाते कुड़पाड़ रेयाक्को खोज आकादा। उनीय लाई केदा जे उनी रेन बानार कोड़ा रेलवे रेकिन कामी काना, मित्टेन दो बरवाडीह आर दोसारिच् दो रांची रे तोयनात मेनाया। घोटोनाओकते ओड़ाक् रे एकेन आर उनी बाहूए ताहेंकाना आर रूम दोबाहरे खोन सिञ बोंदो ताहेंकाना। दिगधायेन तेय उनी दो एटाक्रूम रेय ञेल ओनमान केदा तोबे ओण्डे आदोम सामान दो तामसातासिरआकान ताहेंना। ओड़ाक् रे दोहो बाकसा आर सूटकेस गायेब गेताहेंकाना आर दीवान पलंग रेयाक् बॉक्स खुला गे ञामेना। जांच रेसामाङ हेच् एना जे कोमबड़ो दो आसोल दुवार रेयाक् छिटकिनी सोररे दियाल रे भुगाक् काते ओड़ाक्को बोलोयेना आर कोमबड़ा केदा। कोमबड़ो केत् सामान रे सोना माला, मुंन्दाम, कंगन, नथिया पिन,चांदी रेयाक् पायेल, कटोरा, बिछिया, बेरा घालोक् मुटामुटी 20 हजार टाका नगद मेनाक्आ। घोटोना तायोम कोमबड़ो दो बाकसा आर सूटकेस ओड़ाक् खोन पासेच् आधा किलोमीटर फराक गाडा रेको गिडीकादा। पुलिस दो जांच ओकते गाडा आड़ी खोन गितिल रे तोपावाकान सूटकेस आर बाकसाको ञाम आकादा।



# भाजपा नेताय ओनमान केदा आरिल ते लुकसान आकान जायगा

**खोबोरिया**

**खूंटी।** मुरहू प्रखंड रेयाक् आयमा टोठाको रे सिंगेमाहां हिलोक् झोमोर दाक्, तापिस होय आर आरेल दो मुरहू प्रखंड रेयाक् आयमा आतो रे खुप्ए लुकसान केदा। ओतेमाहां हिलोक् भाजपा रेन माड़ाङ रेन जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो दो होय-दाक् ते झारकावाकानआतो कुंजला, खूंटी टोला, दुलवा, ईठे चारिद, बरटोली, पोकला सांवते आयमा आतो दाड़ां काते लुकसानकोय ओनमान केदा। उनी दोयलाई केदा जे तापिस होय आर आरेल दाक् ते आयमा ओड़ाक् रेयाक् साड़िम रापुत् एना।
ओनका रे रेंगेच् घारोंज दो ताहेंनोक् लागित् ते आडीको मुसकिल एना। काशीनाथ महतो दोय लाई केदा जे आयमा ओड़ाक् पुराउ ते बाड़िच्एना। उनी दो उसारा ते अंचल अधिकारी (सीओ) सोंगे गालमाराव कातेलुकसान आकान घारोंज गोड़ो बेबोसतावाको लागित् खोजे दोहो केदा। अंचल अधिकारी दो नोआ मामला रे लागियापाड़ाव उदुग तुलुच्तुरंत गे कर्मचारी आर सीआई ओना लुकसाकानाक् जायगा ते कोल काते जांचे एहोप् ओचो केदा। प्रशासन सेच् खोन लुकसान ओनकान काते लाहा सेयाक् कार्रवाई लागित् साप्-सापड़ाव चालाक् काना।



# प्रीति जिंटा दो बॉबी देओल साँवतेय बितावाकात् दिनकोय दिसा केदा



**खोबोरिया**

**मुंबई।** सोर दिन गे बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा दो सोशल मीडिया रे मित् मारी दिनीसा कोल हाटिञ तुलुच् अभिनेता बॉबी देओल सालाक् बिताउ खास दिनीसाए दिसा केदा। प्रीति जिंटा दो आयाक् इंस्टाग्राम अकाउंट रे फिलिम सोल्जर रेयाक् मित् वीडियोए कोल केदा।वीडियो रेयाक् बैकग्राउंड रे फिलिम रेयाक् लोकप्रिय सेरेञ, महफिल में बार बार आँजोमोक् काना, ओकादो कुमार सानू आर अलका याग्निक दो आयाक् आवाजकिन एमात् ताहेंना। प्रीति जिंटायाक् नोआ पोस्ट सोशल मीडिया रे उसारा ते वायरल पासनावक् काना आर फैंसहों नोआ आडीको कुसीयाक् काना। वीडियो होतेते अभिनेत्री दो ओना दिनकोय दिसा केदा, तिन रे उनी दो बॉबी देओल सालाक् नोआसुपरहिट फिलिम रेय कामी लेदा। पोस्ट कोल तुलुच् प्रीति जिंटाभावुक होंय ञेल एना। उनी दो बॉबी देओल टैग मेसाले तुलुच् मित् मजेदार हिसाय आंजोमादेया। प्रीति दो मजाकिया अंदाज रेय ओल केदा जे जावगे बॉबीयाक् सारहाव ताहेंना, चेदाक्जे उनी दो ऑस्ट्रेलिया रेउनीयाक् पाहिल आउटडोर शूट दो आडी दिनीसाय बेनाव लेदा। सांवते गे नोआ होंय मेन केदा जे बॉबीयाक् हनीमून रे थर्ड व्हील बेनाक् हों उनी लागित् मित् खास अनुभव ताहेंयेना। आसोलदो, बॉबी देओल दो 30 मई 1996 हिलोक् तान्या आहूजा सांवतेय बापला लेना।
बापला काते थोड़ादिन तायोम गे उनी दो फिलिम सोल्जर रेयाक् शूटिंग रे बेसतो गेय ताहेंलेना। अब्बास मस्तानाक् निर्देशन रे बेनाव फिलिम सोल्जर दो 1998सार रे रिलीज लेना। फिलिम रे बॉबी देओल आर प्रीति जिंटाताकिनाक् जोड़ी आडीको कुसीयात्किन ताहेंना। सोल्जर फिलिम रेबॉबी देओल आर प्रीति जिंटा छाडा राखी गुलजार, सुरेश ओबेरॉय आर दलीप ताहिल हों उनुदुक् रेको ञेल लेना।

# मोंज कलाकार बेनाक् लागित् कुरूमुटुई जारूड़ गेया : सई मांजरेकर



**खोबोरिया**

**मुंबई।** अभिनेत्री सई मांजरेकराक् मेन काना जे मित् मोंज कलाकार बेनाक् लागित् धैर्य, कुरूमुटू आर सही प्रोजेक्ट रेयाक् चुनाव आडी जारूड़ होयोक् काना। अभिनेत्रीयाक् मेन काना जे नोङकानकामी रेन हिसा बेनाक्ए खोजोक् काना, ओकादो आयमा दिन धाबिच् ञेलकोवाक् दिल रे आयाक् जागाहए बेनाव दोहोय। सई मांजरेकर दोसोर दिन गे मीडिया खोन आयाक् करियर आर कामीय तारीका इदीकातेय गालमाराव केदा। उनीय मेन केदा जे नित उनी नोआए बुजहाउ आकादा जे मित् अभिनेता रूप रे खुद सोमोय एमावाक् आडी जारूड़ गेया। अभिनेत्री लेकाते उनी दो मेनाक् ट्रेंड तायोम दाड़ रे बिसवासबाय दोहोयेत् काना, बोरोङ नोङकान प्रोजेक्ट बाछावे कुसीयाक् काना, ओकादो उनी मित् कलाकार रूप रेय लाहाक् आर चेद रेयाक्ओपसोरे एमावाक्। मिमित् किरदार आटकार आर ओना रेसारियाक् आगुई हों उनाक् गे जारूड़ गेया।
नोआ ओजे काना जे उनी उसारागे जासती प्रोजेक्ट साइन बाडकाते हुदिस बिचार काते कामीये बाछावेत् काना। अभिनेत्री दोय मेन केदा जे उनी आयाक् मिमित्नावां प्रोजेक्ट सालाक् खुद बेसतार बेनावे खोजोक् काना। उनी लागित् नोआ जासती जारूड़ान गेया जे उनी आयाक् कामीय लागित् ईमानदार ताहेंन आर नोङकान काहनीको रेन हिसाए बेनाक्। सई लेकाते आयमा दिन धाबिच् इंडस्ट्री रे टिकाउ ताहेंन लागित्कलाकाराक् आयाक् कामी लागित् सारियाक् होयोक् जारूड़ काना।

# डंगाल में मिली लाश का राज खुला प्रेमिका ने पति संग मिलकर कराई हत्या



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका:** रामगढ़ थाना क्षेत्र के झुंझी और दोन्दिया के बीच स्थित सुनसान डंगाल में मिले अज्ञात शव की गुत्थी को पुलिस ने बेहद कम समय में सुलझाकर सनसनीखेज खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि यह हत्या अवैध प्रेम संबंध, शक और साजिश की खौफनाक कहानी से जुड़ी थी। इस मामले में पुलिस ने मृतक की कथित प्रेमिका, उसके पति समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

घटना 07 मई 2026 की सुबह की है, जब ग्रामीणों ने डंगाल में एक व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची रामगढ़ थाना पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला हत्या का प्रतीत हुआ। बाद में मृतक की पहचान दिनेश कुमार राय के रूप में हुई। मृतक की पत्नी ललिता देवी के बयान पर रामगढ़ थाना में अज्ञात अपराधियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जरमुण्डी एसडीपीओ अमित कच्छप के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान, मोबाइल लोकेशन और गुप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस की जांच गांव की ही बनासारी देवी तक पहुंची। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक दिनेश कुमार राय का बनासारी देवी के साथ प्रेम संबंध था। जब पुलिस ने बनासारी देवी और उसके पति देवा गृही को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो पूरे हत्याकांड का खुलासा हो गया। आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने दो सहयोगियों आशिक गृही और जगेश्वर देहरी के साथ मिलकर दिनेश कुमार राय को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी।

पुलिस के अनुसार, योजनाबद्ध तरीके से दिनेश को सुनसान डंगाल में बुलाया गया, जहां लोहे के रॉड, पत्थर और कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को वहीं छोड़ आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त लोहे का रॉड, खून लगे पत्थर, कुल्हाड़ी तथा मृतक का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में देवा गृही (40 वर्ष), बनासारी देवी (30 वर्ष), आशिक गृही (23 वर्ष) और जगेश्वर देहरी (18 वर्ष) शामिल हैं।

इस हत्याकांड के खुलासे में रामगढ़ थाना प्रभारी मनीष कुमार, जामा थाना प्रभारी अजित कुमार, काठीकुण्ड थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह समेत कई पुलिस अधिकारियों और जवानों की अहम भूमिका रही।

# अब गांव-गांव पहुंचेंगी सरकारी योजनाएं और नौकरियां : डीसी

## आपनार आतो कामी का दूसरा चरण 30 मई से, ग्रामीण क्षेत्रों में लगेंगे शिविर



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को श्रम, नियोजन और आईटीआई विभागों की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार से जोड़ना और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे उन तक पहुँचाना रहा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि प्रशासन की प्राथमिकता अधिक से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें बेहतर प्लेसमेंट दिलाना है।

रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए उपायुक्त ने नियोजन विभाग को नियमित रूप से भर्ती कैंप और कैरियर काउंसलिंग आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी रोजगार मेले के लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया ताकि जिले के शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द काम मिल सके। आईटीआई संस्थानों की समीक्षा के दौरान भी उन्होंने प्राचार्यों को निर्देशित किया कि वे छात्रों के प्लेसमेंट पर विशेष ध्यान दें और तकनीकी रूप से दक्ष युवाओं को प्रतिष्ठित संस्थानों से जोड़ने का प्रयास करें।

बैठक का एक प्रमुख आकर्षण 'आपनार आतो कामी' कार्यक्रम का दूसरा चरण रहा। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि 30 मई 2026 से जिले के सुदूर ग्रामीण इलाकों में विशेष शिविर लगाए जाएं।

## खाद माफियाओं की अब खैर नहीं, डीसी ने बनाई स्पेशल टीम

**दुमका।** खेती-किसानी के सीजन के दौरान खाद की कालाबाजारी और किल्लत को रोकने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने खरीफ सीजन में उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 'जिला स्तरीय संयुक्त प्रवर्तन दल' का गठन किया है। यह टीम जिले में खाद की जमाखोरी, अवैध भंडारण और औद्योगिक दुरुपयोग पर पैनी नजर रखेगी। भारत सरकार और राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों पर बनी इस उच्च स्तरीय टीम में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त और अनुमंडल पदाधिकारी जैसे आला अधिकारियों को शामिल किया गया है। उपायुक्त ने स्पष्ट किया है कि किसानों को खाद के लिए परेशान करने वाले बिचौलियों और दुकानदारों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि खाद की ऊंचे दामों पर बिक्री या जमाखोरी की शिकायत मिलते ही तत्काल छापेमारी की जाएगी। पकड़े जाने पर दोषियों के खिलाफ 'आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955' के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

## मेडिकल यूनिट को प्रभावी बनाने के लिए सहिया की उपस्थिति अनिवार्य : डीसी

**दुमका ।** समाहरणालय सभागार में सोमवार को उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में मोबाइल मेडिकल यूनिट की समीक्षा बैठक की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जिले के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट की पहुंच को प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय सहिया की उपस्थिति अनिवार्य होगी। सहिया के माध्यम से ही ग्रामीणों के बीच आवश्यक दवाओं का वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। इसके साथ ही, बच्चों और किशोरियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देते हुए स्कूलों के पास विशेष जांच शिविर लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

## टॉपर छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**जरमुंडी ।** जरमुंडी के स्थानीय बासुकीनाथ पार्वती महाविद्यालय में आयोजित एक सम्मान समारोह में महाविद्यालय के संरक्षक पूर्व राज्य सभा सांसद अभयकांत प्रसाद के द्वारा प्लस टू के टॉपर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम में इंटर साइंस और आर्ट्स में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं में क्रमशः विज्ञान संकाय में राखी कुमारी (प्राप्तांक 408), कला संकाय में टॉपर अंजली कुमारी (प्राप्तांक 363) सेकंड टॉपर रूबी कुमारी (प्राप्तांक 342), तृतीय स्थान पानेवाली गुलशन खातून (प्राप्तांक 335), चतुर्थ स्थान पर पिंटू कुमार राय (प्राप्तांक 331) एवं पांचवी स्थान पर रहे कानाल कुमारी (प्राप्तांक 320) को पूर्व सांसद और महाविद्यालय के संरक्षक अभयकांत प्रसाद ने सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस वर्ष बासुकीनाथ पार्वती महाविद्यालय में जैक द्वारा आयोजित प्लस-टू विज्ञान एवं कला संकाय की परीक्षाओं में कला संकाय के 27 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से तथा 34 छात्र-छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी से सफलता प्राप्त की। वहीं विज्ञान संकाय में प्रथम श्रेणी से एक और द्वितीय श्रेणी से दो विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है।

## बीडीओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश



**जरमुंडी ।** जरमुंडी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुंदन भगत द्वारा बीते रात्रि 08:30 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जरमुंडी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य आमजन को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, अस्पताल में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, चिकित्सकीय व्यवस्था तथा स्वास्थ्यकर्मियों की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष मूल्यांकन करना था। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा अस्पताल परिसर, ओपीडी कक्ष, आपातकालीन कक्ष, पुरुष एवं महिला वार्ड, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष, पंजीकरण काउंटर तथा अन्य आवश्यक विभागों का क्रमवार निरीक्षण किया गया। इस दौरान अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं, दवा उपलब्धता, चिकित्सकों के व्यवहार तथा शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के क्रम में चिकित्सकों, एएनएम, जीएनएम तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच की गई तथा ड्यूटी रोस्टर के अनुसार कर्मियों की उपस्थिति का सत्यापन किया गया।

## मध्य विद्यालय सिमला में योग शिविर का शुभारंभ



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड के आयुष्मान आरोग्य मंदिर शिमला पोषक क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय शिमला में सोमवार को 10 सत्रीय योग शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्देश्य स्कूली बच्चों को योग के प्रति जागरूक करना तथा उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मसलिया के योग इंस्ट्रक्टर केसरी नाथ यादव ने बच्चों को विभिन्न प्रकार के योग आसनों का अभ्यास कराया। उन्होंने कठिन योग आसनों में शीर्षासन और वृश्चिक आसन के अभ्यास की विधि को विस्तारपूर्वक समझाया तथा सावधानीपूर्वक अभ्यास करने की सलाह दी। इसके अलावा बच्चों को सूक्ष्म व्यायाम, तितली आसन सहित कई सरल योग क्रियाओं का अभ्यास भी कराया गया। योग इंस्ट्रक्टर ने बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, मानसिक तनाव कम होता है तथा पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ती है। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान बच्चों ने योग के प्रति काफी रुचि दिखाई और विभिन्न आसनों को सीखने का प्रयास किया।

## चौकीदार ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**मसलिया ।** टोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुमघाटा गांव में पदस्थापित ग्रामीण चौकीदार लखन बाउरी का शव रविवार देर रात संदिग्ध परिस्थिति में पलास के जंगल से बरामद किया गया। शव घर से करीब 500 मीटर दूर जंगल में फंदे से झूलता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने के बाद टोंगरा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। बताया जा रहा है कि घटना रविवार रात करीब 11 बजे की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक लखन बाउरी टोंगरा थाना क्षेत्र में ग्रामीण चौकीदार के पद पर कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी संध्या बाउरी, दो पुत्रियां जयंती और प्रीति तथा 10 वर्षीय पुत्र सूरज हैं। घटना के बाद पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी मातम पसरा हुआ है। मामले को लेकर थाना प्रभारी गुरुचरण मांझी ने बताया कि रात करीब 11 बजे घटना की सूचना मिली थी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को बरामद किया। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि मृतक शराब पीने का आदी था। और उन्हें चार महीने से मानदेय नहीं मिला था। परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। हालांकि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

# लेह-लद्दाख में मजदूर की मौत के बाद शव लाने को भटक रही पत्नी, डीसी-एसपी से लगाई गुहार

## मेठ काशिफ पर गंभीर आरोपः फर्जी आधार कार्ड और अत्यधिक शराब पिलाने से मौत का दावा



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका:** रोजगार की तलाश में सात समंदर पार नहीं, बल्कि अपने ही देश के लेह-लद्दाख गए शिकारीपाड़ा के एक मजदूर की संदिग्ध मौत ने व्यवस्था और मानवीय संवेदनाओं पर गहरे सवाल खड़े कर दिए हैं। आमडो डोभा गांव के 32 वर्षीय परमेश्वर लोहार का शव घर लाने के लिए उनकी पत्नी कोमली मुर्मू दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। सोमवार को जब स्थानीय थाने से उम्मीद टूटी, तो वह ग्रामीणों के साथ दुमका जिला मुख्यालय पहुंचीं और उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई। कोमली मुर्मू का आरोप है कि पांच महीने पहले गांव के ही सुखलाल डेहरी और मेठ काशिफ अंसारी ने उनके पति को काम दिलाने और अच्छे वेतन का लालच देकर लद्दाख ले गए थे। चौंकाने वाली बात यह है कि परमेश्वर के पास तब पहचान पत्र भी नहीं था, जिसे बनवाने का जिम्मा मेठ ने लिया था। अब पत्नी का दावा है कि उसके पति की मौत के पीछे फर्जी पहचान पत्र बनवाने और अत्यधिक शराब पिलाने जैसी संदिग्ध गतिविधियां शामिल हैं।

6 मई को मौत की खबर मिलने के बाद जब कोमली शिकारीपाड़ा थाना पहुंचीं, तो उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि मामला लद्दाख का है। इस संवेदनहीनता के बाद ग्राम प्रधान ठाकुर मुर्मू और ग्रामीणों के साथ कोमली ने दुमका में डीसी अभिजीत सिन्हा से मुलाकात की। उपायुक्त ने संवेदनशीलता दिखाते हुए शव को जल्द वापस लाने का भरोसा दिया, वहीं एसपी के निर्देश के बाद आखिरकार शिकारीपाड़ा थाने में लिखित शिकायत दर्ज की गई। फिलहाल, पूरा गांव आक्रोश और शोक में डूबा है। पत्नी की सिर्फ एक ही मांग है दोषियों पर कार्रवाई हो और उसे उसके पति का अंतिम दर्शन करने का हक मिले।

# आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में मिली भारी अनियमितता, शोकॉज के निर्देश

संवाददाता

**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र के दलाही पंचायत स्थित विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों का सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अजफर हसनैन ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई का निर्देश दिया है।बीडीओ ने बताया कि सबसे पहले दलाही आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया गया, जहां पोषण सखी अनुपस्थित पाई गई। केंद्र में दो दिनों से बच्चों की उपस्थिति दर्ज नहीं की गई थी। 32 नामांकित बच्चों में मात्र छह बच्चे ही उपस्थित मिले, जबकि आठ



बाहरी बच्चों को बैठाकर केंद्र संचालित किया जा रहा था। बच्चों ने शिकायत की कि उन्हें सूजी का हलवा नहीं दिया जाता है। इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र करमाटांड़-दो का निरीक्षण किया गया, जहां पोषण सखी अनुपस्थित थी और सहायिका ही केंद्र संचालित करती मिली। यहां भी बच्चों की उपस्थिति काफी कम पाई गई। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र मधुबन में 24 बच्चों में मात्र छह बच्चे उपस्थित मिले, जबकि सभी 24 बच्चों की हाजिरी बनाई गई थी। बीडीओ ने बताया कि केंद्र की पर्यवेक्षिका रेखा देवी द्वारा मार्च 2025 के बाद दोबारा निरीक्षण नहीं किया गया है। विद्यालयों के निरीक्षण में भी कई खामियां सामने आईं। प्राथमिक विद्यालय करमाटांड़-दो में बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई तथा मीनू के अनुरूप मध्यान्ह भोजन नहीं दिया जा रहा था। बच्चों को केवल दाल-भात और आलू परोसा जा रहा था। साथ ही बच्चों का शैक्षणिक स्तर भी काफी कमजोर पाया गया। प्राथमिक विद्यालय मधुबन में दो शिक्षक रहने के बावजूद गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव देखा गया। यहां भी पीएम पोषण योजना के तहत निर्धारित मीनू के अनुसार भोजन नहीं दिया जा रहा था। नव प्राथमिक विद्यालय हिलरजोरी में 75 विद्यार्थियों का नामांकन है, जिसमें 45 बच्चों की उपस्थिति दर्ज की गई थी, लेकिन मौके पर 20 बच्चे भी उपस्थित नहीं मिले। सुबह दस बजे तक विद्यालय में पढ़ाई शुरू नहीं हुई थी। बीडीओ अजफर हसनैन ने कहा कि अधिकांश स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में वास्तविक उपस्थिति से अधिक हाजिरी बनाई जा रही है, जो गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों की अनियमितता को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को शोकॉज किया जाएगा।

## अब फर्राटेदार अंग्रेजी बोलेंगे दुमका के सरकारी स्कूलों के बच्चे, डीसी ने बनाया खास प्लान

संवाददाता

**दुमका।** जिले के सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थियों के अंग्रेजी बोलने के कौशल को निखारने के लिए 'स्पोकन इंग्लिश अभियान' को अब नए कलेवर में धरातल पर उतारा जाएगा। सोमवार को समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने इस अभियान को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए।

बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि बच्चों के सीखने की क्षमता अलग-अलग होती है, इसलिए उन्हें विभिन्न श्रेणियों में बांटकर शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यार्थियों के स्तर के अनुसार ही अध्ययन सामग्री तैयार की जाए ताकि वे बिना किसी दबाव के स्वाभाविक रूप से अंग्रेजी सीख सकें। उपायुक्त ने शिक्षकों को ऐसी शिक्षण पद्धति अपनाने को कहा जो रोचक हो और जिसमें बच्चे अपनी रुचि के अनुसार संवाद कर सकें। विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए जिले के स्कूलों में 'स्पोकन इंग्लिश क्लब' का गठन किया जाएगा। इन क्लबों के माध्यम से छात्र नियमित अभ्यास, सामूहिक चर्चा और विभिन्न गतिविधियों में भाग लेंगे, जिससे उनकी झिझक दूर होगी और वे धाराप्रवाह अंग्रेजी बोल पाएंगे। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टडी मटेरियल को सरल और दैनिक बोलचाल के अनुकूल रखा जाए। इस उच्च स्तरीय बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा

## एसकेएमयू में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शुभारंभ

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में सोमवार से अकादमिक उत्कृष्टता और शोध संस्कृति को नई दिशा देने के उद्देश्य से छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का शानदार आगाज हुआ। 'सामाजिक विज्ञान रिसर्च मेथडोलॉजी एंड राइटिंग स्किल फॉर यूनिवर्सिटी टीचर्स इन झारखंड' विषय पर आधारित यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 11 मई से 16 मई तक आयोजित किया जा रहा है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत संचालित झारखंड स्टेट फैकल्टी डेवलपमेंट अकादमी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट नॉलेज पार्टनर की भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के लगभग 40 फैकल्टी सदस्य भाग ले रहे हैं, जो शोध और अकादमिक लेखन के आधुनिक आयामों से रूबरू होंगे।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी कुलपति प्रो. राम कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रंजन शर्मा, सीसीडीसी डॉ. अब्दुस सत्तार तथा जेएसएफडीए के सेंटर कोऑर्डिनेटर डॉ. पिजुष मलपहारिया उपस्थित रहे। वहीं, रिसोर्स पर्सन के रूप में प्रो. बलवंत सिंह मेहता, डॉ. कुमार राणा, डॉ. अश्विनी कुमार और आदर्श कमल ने अपने अनुभव साझा किए।

# बीजीआर माइनिंग और शार प्रोजेक्ट्स ने धूमधाम से मनाया मदर्स डे



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**गोपीकांदर (दुमका)।** बीजीआर माइनिंग एंड इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड और शार प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में 'मदर्स डे' का भव्य आयोजन सोमवार को किया गया। दुमका स्थित शार कैंप में आयोजित इस समारोह में कर्मचारियों और उनके परिजनों ने जिस गर्मजोशी और हर्षोल्लास के साथ शिरकत की, उसने इस दिन को यादगार बना दिया। विश्वभर में माताओं के प्रति सम्मान, अटूट प्रेम और उनके निःस्वार्थ त्याग के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के उद्देश्य से यह विशेष आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से परिवार और समाज के निर्माण में महिलाओं और माताओं के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया गया। कंपनी प्रबंधन ने इसी भावना को आत्मसात करते हुए एक ऐसा मंच तैयार किया, जहाँ कर्मचारी अपने परिवारों के साथ खुशियों के पल साझा कर सकें।

समारोह के दौरान कैंप का पूरा परिसर आनंद और ऊर्जा से सराबोर दिखा। बच्चों और महिलाओं के लिए खेल-कूद, मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों और सुरीले गायन जैसे विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन मनोरंजक गतिविधियों ने न केवल बच्चों का उत्साह बढ़ाया, बल्कि उपस्थित सभी परिजनों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। इस अवसर पर प्रबंधन टीम की सक्रिय सहभागिता ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों का एक साथ मिलकर उत्सव मनाना टीम वर्क और आपसी सद्भाव की एक बेहतरीन मिसाल पेश कर गया।

यह आयोजन केवल एक औपचारिक उत्सव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने कर्मचारियों और उनके परिवारों के बीच आपसी संबंधों की डोर को और मजबूत किया। इस सफल कार्यक्रम ने कंपनी की उस सकारात्मक कार्य संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को भी जगजाहिर किया, जो अपने कर्मचारियों के खुशहाल जीवन को प्राथमिकता देती है।

## आज बिजली-पानी के संकट पर भाजपा का हल्ला बोल, अर्जुन मुंडा होंगे शामिल

**दुमका।** राज्य में गहराते बिजली और पेयजल संकट ने अब सियासी रंग ले लिया है। झारखंड की वर्तमान सरकार की कार्यप्रणाली और जनता की बुनियादी समस्याओं की अनदेखी के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी, दुमका ने बड़े आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है।आज मंगलवार को दोपहर 12 बजे से जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के समीप धरना मैदान में एक विशाल 'आक्रोश प्रदर्शन' का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शन के जरिए भाजपा सरकार को नींद से जगाने और त्रस्त जनता को राहत दिलाने की मांग करेगी। इस विरोध प्रदर्शन की महत्ता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कद्दावर नेता अर्जुन मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में इसमें शिरकत करेंगे। उनके साथ जिले के कई वरिष्ठ नेता और हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। भाजपा जिला इकाई का कहना है कि भीषण गर्मी के बीच दुमका की जनता बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रही है और घंटों बिजली कटौती ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। सरकार इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय मूकदर्शक बनी हुई है। कल होने वाला यह प्रदर्शन सरकार की विफलताओं के खिलाफ जनता की आवाज बनेगा।

## धोबरना स्कूल में मिली अव्यवस्था, बीडीओ ने प्रधानाध्यापिका से मांगा स्पष्टीकरण



**गोपीकांदर ।** प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय प्रकाश मरांडी ने सोमवार को प्राथमिक विद्यालय धोबरना का औचक निरीक्षण किया, जहाँ शिक्षा और व्यवस्था की पोल खुलती नजर आई। निरीक्षण के दौरान स्कूल की स्थिति देख बीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताई। विद्यालय में कुल 19 नामांकित बच्चों में से केवल 3 बच्चे ही उपस्थित मिले। इतना ही नहीं, दोपहर के पौने बारह बजे तक बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन (एमडीएम) तक नहीं बना था। जब बीडीओ ने उपस्थिति पंजी मांगी, तो प्रधानाध्यापिका ने उसे दिखाने में आनाकानी की। इन तमाम लापरवाहियों को देखते हुए बीडीओ ने बीईईओ से इसकी शिकायत की और प्रधानाध्यापिका से स्पष्टीकरण तलब किया है। स्कूल के निरीक्षण के बाद बीडीओ ने जोड़ापानी, खजूरडंगाल और कुशचिरा गांवों का रुख किया, जहाँ उन्होंने अबुआ आवास योजना की प्रगति की जांच की। निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार देख उन्होंने असंतोष जाहिर किया और लाभार्थियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ कुशचिरा पंचायत सचिव विशेश्वर महतो और आवास कंप्यूटर ऑपरेटर वारिस मरांडी समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

## डालसा ने चलाया सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य अभियान



**दुमका ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार बच्चों के भविष्य को कानून और जागरूकता के कवच से सुरक्षित करने में जुटा है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधांशु कुमार शशि के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे 'सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य' अभियान के तहत सोमवार को दुधानी स्थित उर्दू प्राथमिक विद्यालय में विशेष शिविर लगाया गया। इस दौरान पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने बच्चों को पोक्सो एक्ट 2012 और नालसा जागृति स्कीम 2025 की बारीकियों से रूबरू कराया। शिविर में न केवल बच्चों को गुड टच-बैड टच और लैंगिक अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने की प्रेरणा दी गई, बल्कि बाल विवाह जैसी कुरीतियों के कानूनी परिणामों पर भी चर्चा हुई। डालसा सचिव विवेक कुमार ने बताया कि इस 90 दिवसीय अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास भरना और उन्हें शोषण के खिलाफ कानून का सहारा लेने के लिए सशक्त बनाना है। स्कूल परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सीखा कि कानून उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है।

## तकनीक के विकास से जीवन आसान हो गया है : प्राचार्य



**दुमका।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के मेरा युवा भारत केंद्र दुमका की ओर से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर डिस्ट्रिक्ट स्कूल आफ एक्सीलेंस प्लस टू जिला स्कूल दुमका में युवा छात्र-छात्राओं के बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनमत शोध संस्थान के सहयोग से माय युवा भारत केंद्र दुमका द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र राजहंस ने कहा कि साइंस और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में हमारा देश न सिर्फ तेजी से आगे बढ़ रहा है बल्कि आत्मनिर्भर भी बन चुका है। तकनीक के विकास से हमारा जीवन बहुत आसान हो गया है लेकिन इसके सदुपयोग के साथ-साथ दुरुपयोग के खतरे भी कम नहीं हैं। आवश्यकता है इसके सदुपयोग के साथ नवाचार को बढ़ावा देने की। स्कूल मैनेजर डॉ संजय कुमार सिन्हा ने कहा कि सोशल मीडिया और एआई के इस दौर में साइंस और टेक्नोलॉजी का हमारे जीवन में महत्व तो है ही, साथ ही साथ शैक्षणिक विकास में भी इसकी बड़ी भूमिका है रही है।

## भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर दिल्ली में उमड़ेगा जनजातीय संस्कृति का महाकुंभ

**दुमका।** राजधानी दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किला मैदान में आगामी 24 मई को 'जनजाति सांस्कृतिक समागम 2026' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। जननायक भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित यह समागम न केवल उनकी विरासत को नमन करने का माध्यम बनेगा, बल्कि देश की सांस्कृतिक एकता का एक जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत करेगा। इस ऐतिहासिक आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें देशभर की 500 से अधिक जनजातियों के लगभग डेढ़ लाख प्रतिभागी सम्मिलित होंगे।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686